आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 315- ● जबलपुर ● मंगलवार, 21 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## नेपाल में चीनी कंपनियां हुई ब्लैकलिस्ट

**काठमांडू।** एशियन डेवलपमेंट बैंक ने चीनी टॉप कंपनियों को अखंडता नियमों का उल्लंघन करने के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। इन कंपनियों को नेपाल के प्रमुख हवाई अड्डे के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से भी हटाए जाने की रिपोर्ट है। इन प्रोजेक्ट्स को ADB ने फंड किया हुआ है, ऐसे में ये कंपनियां नेपाल में भी ब्लैक लिस्ट हो गई हैं। काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट मुताबिक DB के भ्रष्टाचार और अखंडता ऑफिस ने कई अपराधों के लिए तीन सरकार समर्थित चीनी कंपनियां- चीन सीएमसी इंजीनियरिंग कंपनी, नॉर्थवेस्ट सिविल एविएशन एयरपोर्ट कंस्ट्रक्शन ग्रुप और चाइना हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है

# मध्य प्रदेश विधानसभा में ओबीसी आरक्षण पर चर्चा

# भूपेन्द्र व भनोत में तीखी नोकझौंक, इस्तीफे की धमकी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। आज सदन में कार्रवाई शुरू होते ही विपक्ष ने चक्रानुक्रम आधार पर चुनाव न कराने, परिसीमन निरस्त करने और ओबीसी आरक्षण को लेकर स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने पर सहमति जताई। सदन में ओबीसी आरक्षण पर प्रश्नकाल रोककर चर्चा चर्चा कराई जा रही है। इस दौरान तीखी नौकझौंक भी हुई।

### जब मैं बोलूं तो मुझे भी शांति से सुना जाए शिवराज

नेता प्रतिपक्ष कमल नाथ ने प्रश्नकाल शुरू होते ही यह विषय उठाया और कहा कि ओबीसी आरक्षण का विषय बहुत महत्वपूर्ण है इस पर तत्काल चर्चा कराई जानी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि करोड़ों लोगों से जुड़ा हुआ विषय है, इससे बड़ा कोई विषय नहीं है। करोड़ों लोगों का भविष्य खतरे में हैं अविलंब इस पर चर्चा शुरू कराई जाए लेकिन उन्होंने एक निवेदन और किया की चर्चा गंभीर है, इसलिए सदन



की गरिमा का ध्यान रखा जाए बीच में रोका टोकी ना हो और जब मैं बोलूं तो मुझे भी शांति से सुना जाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि जब नेता सदन अपनी बात रखें तो शोर-शराबा ना करें और बाहर भी ना जाएं। इस परंपरा को रोकें और उनको भी सुनें।

### तो एक साथ कोर्ट चलते हैं : कमलनाथ

नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने कहा यहां पर कहा गया कि, कोर्ट की प्रोसिडिंग है, रिट पेटिशन पर बात हुई लेकिन अभी तीन बातें है जो बाकी हैं। सीमांकन, रोटेशन और आरक्षण पर बात चल रही है। कोर्ट में विवेक तन्खा के साथ आयोग और सरकार के अधिवक्ता भी थे। आपके अधिवक्ता कोर्ट में चुप रहे, वो चाहते तो कोर्टकी टिप्पणी पर अपना पक्ष रख सकते थे लेकिन, आपके अधिवक्ता ने कुछ नहीं कहा। आप चाहते तो दूसरे दिन भी कोर्ट जा सकते थे लेकिन आप भी चुप रहे। मैं तो कहता हूँ कि, आप ओबीसी के हितैषी हैं तो आप और हम एक साथ कोर्ट चलते हैं। जब दोनों कोर्ट चलते हैं, तो कौन सा कोर्ट होगा जहां निष्कर्ष नहीं निकलेगा।

### रोटेशन प्रक्रिया को अपनाकर पंचायत चुनाव कराए जा रहे

सदन में चर्चा के दौरान नगरीय विकास और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा सभी रोटेशन प्रक्रिया को अपनाकर पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। हम चाहते थे कि चुनाव जल्दी हों। निर्वाचन आयोग ने प्रक्रिया शुरू कर दी, लेकिन कांग्रेस चुनाव को रोकने के लिए 5 बार उच्च न्यायालय गई। चर्चा में भाग लेते हुए सुखदेव पांसे ने कहा कि ओबीसी आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर कुछ नहीं कहा गया था। भूपेंद्र सिंह ने हाई कोर्ट में दायर याचिका की तारीखवार जानकारी सदन में रखी। नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह और कांग्रेस विधायक तरुण भनोत के बीच तीखी नोकझोंक हुई। उन्होंने कहा कि यदि एक शब्द भी गलत होगा तो अपना इस्तीफा देकर चला जाऊंगा।

### सरकारी वकील क्यों नहीं खड़ा हुआ

कांग्रेस विधायक सोहन लाल वाल्मीकि ने इस पर आपत्ति लेते हुए कहा कि सदन में गलत जानकारी दी जा रही है। कमलनाथ ने कहा कि कोई कोर्ट क्यों गया, इसकी जानकारी भी दी जाए। कांग्रेस विधायक तरुण भनोट ने कहा कि ओबीसी आरक्षण में सरकार की तरफ से सरकारी वकील क्यों नहीं खड़ा हुआ है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विवेक तन्खा ने ओबीसी आरक्षण के विरोध में याचिका दायर की थी। इस मामले में सदन में दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई। इस दौरान कांग्रेस की ओर से सदन में एक बड़ी मांग रखी गई। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने सदन में विधानसभा अध्यक्ष से की मांग की कि मप्र विधानसभा में पारित कराया जाए अहम प्रस्ताव।

## फटाफट खबरें

### अपने ही बयान में उलझे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिचिंग पर बयान दिया है। राहुल गांधी का कहना है कि 2014 से पहले देश में किसी ने लिंचिंग शब्द सुनने में नहीं आता था। भाजपा ने इसका तत्काल जवाब दिया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने पूर्व प्रधानमंत्री राहुल गांधी का वीडियो जारी किया। अमित मालवीय ने राजीव गांधी को देश में लिंचिंग का जनक बताया। वीडियो में राजीव गांधी, इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद भड़के सिख दंगों का जिक्र कर रहे हैं। राजीव गांधी कह रहे हैं कि जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है।भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने वीडियो जारी करते हुए लिखा, चमिलिए राजीव गांधी से, मॉब लिंचिंग के जनक, सिखों के खून से लथपथ जनसंहार को सही ठहराते हुए।

### शेयर बाजार में बाउंस बैक सेंसेक्स 1000 पॉइंट उछलकर 56819 पर




**मुंबई।** सोमवार की भारी गिरावट के बाद आज शेयर बाजार ने जोरदार वापसी की है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1000 पॉइंट्स की तेजी के साथ 56,819 पर पहुंच गया है। निवेशकों की संपत्ति 5 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। टाटा स्टील का शेयर आज 5 पर्सेंट बढ़ा है। कल लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 252.57 लाख करोड़ रुपए था जो आज 257.50 लाख करोड़ रुपए हो गया है। सेंसेक्स सुबह 480 पॉइंट्स की तेजी के साथ 56,320 पर खुला था। दिन में इसने 56,858 का ऊपरी स्तर और 56,197 का निचला स्तर बनाया।

### 18 महिलाएं ऐसे छिपाकर ले जा रही थीं, 1.55 करोड़ का सोना, कस्टम वालों ने धर लिया

**मुंबई।** तस्करों का दिमाग बहुत तेज चलता है। उन्हें लगता है कि वह पुलिस की आंखों में धूल झोंक सकते हैं। लेकिन भैया, शायद उन्हें अंदाजा नहीं होता कि कानून के हाथ कितने लंबे होते हैं। हाल ही, मुंबई कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने केन्या की 18 महिलाओं को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोका। इन महिलाओं के पास 3.85 किलोग्राम सोना था, जिसकी कीमत लगभग 1.55 करोड़ बताई गई। ये महिलाएं नायरॉबी से शारजाह के रास्ते भारत पहुंची थीं। वह शवरमा, ग्राउंड कॉफी बोतल और जूतों में सोने की छोटी बार छिपाकर लाई थीं।

## जानलेवा हुआ ओमिक्रॉन




# ब्रिट्रेन में 12, अमेरिका में 1 मरीज ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** ओमिक्रोन वैरिएंट अब जानलेवा भी होना है। चिंता बढ़ाने वाली ताजा खबर ब्रिटेन और अमेरिका से आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूके में ओमिक्रोन से अब तक 12 लोगों की मौत की सूचना है। हालांकि आधिकारिक रूप से यहां सिर्फ एक मौत की पुष्टि की गई है। इस तरह, अमेरिका में भी ओमिक्रोन से पहली मौत की खबर है। बता दें, कोरोना महामारी का यह नया रूप दक्षिण अफ्रीका से निकला था और अब अधिकांश देशों में पहुंच चुका है। ब्रिटेन और अमेरिका उन देशों में शामिल हैं जहां हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। अमेरिका में तो अभी कोरोना के जितने केस रोज आ रहे हैं, उनमें से करीब 73 फीसदी ओमिक्रोन के मरीज हैं।ब्रिटेन के उपप्रधान मंत्री डॉमिनिक रैब ने कहा कि यूनाइटेड किंगडम में कोरोनो वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंड से संक्रमित 12 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि इतना होने के बाद भी उन्होंने क्रिसमस से पहले और पाबंदियां लगाने से इन्कार कर दिया। त्योहार से पहले ओमिक्रोन के फैलने के कारण लॉकडाउन की मांग की जा रही थी, जिसे ब्रिटिश सरकार ने खारिज कर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि ओमिक्रोन अब न केवल तेजी से फैल रहा है, बल्कि जानलेवा भी होता जा रहा है। अब तक यह माना जाता था कि ओमिक्रोन, डेल्टा वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलता जरूर है, लेकिन उतना घातक नहीं है। यूके में ओमिक्रोन के 37,000 से अधिक पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से अधिकांश मामलों का पता पिछले दो दिनों में चला है। सूत्रों से पता चला है कि टेक्सास में स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि राज्य में ओमिक्रोन से संबंधित पहली मौत दर्ज की गई है। यह ओमिक्रोन से मौत का अमेरिका का पहला मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ित 50 साल का व्यक्ति था, जिसका टीकाकरण नहीं हुआ था।

### भारत में कोरोना केस में भारी कमी

दुनिया में एक तरफ जहां ओमिक्रोन की दहशत है, वहीं भारत में उम्मीद की नई किरण जगी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के नए केस में भारी कमी आई है। मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में 5,326 नए केस दर्ज हुए हैं। यानी एक दिन पहले से करीब 1000 केस कम। सोमवार को 6,563 नए मामले सामने आए थे। भारत में ओमिक्रोन के अब तक 170 मामले सामने आ चुके हैं। ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों के बीच नए केस में कमी होना अच्छे संकेत हैं।

### शोक मनाने से अच्छा है नए साल का जश्न न मनाएं

**WHO की चेतावनी**

देश-दुनिया में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन का खतरा बढ़ता जा रहा है। ब्रिटेन और अमेरिका समेत कई यूरोपीय देशों में हालात खराब हैं। यह संकट ऐसे वक्त आया है जब पूरी दुनिया क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रही है। इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेताया है कि लोग क्रिसमस या नए साल का जश्न मानने के लिए भीड़ में जुटें। W H O ने साफ कहा है कि शोक मनाने से अच्छा है कि जश्न न मनाएं। संदेश साफ है, इस बार का क्रिसमस और न्यू ईयर घर में ही मनाएं। इसी राह पर चलते हुए कई यूरोपीय देशों ने पाबंदियां लनाना शुरू कर दिया है। नीदरलैंड में सख्त लॉकडाउन लगाया जा चुका है।

## पहली बार स्पेशल पावर का इस्तेमाल

# भारत विरोधी 20 यू- ट्यूब चैनल बंद




**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने देश विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाने वाले 20 यूट्यूब चैनलों पर सोमवार को बैन लगा दिया है। पहली बार आईटी ऐक्ट में हाल ही में शामिल की गई गाइडलाइंस के आधार पर इन पर बैन लगाया गया है। इन यूट्यूब चैनलों के साथ 2 वेबसाइटों को भी प्रतिबंधित किया गया है। ये चैनल और वेबसाइट कथित तौर पर पाकिस्तान से संचालित होते थे और देश में भारत विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाते थे। इस मामले पर नाम न छापने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सेक्रेटरी अपूर्व चंद्रा ने यूट्यूब और टेलिकॉम विभाग को लिखा कि इस कॉन्टेंट को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक किया जाए, क्योंकि ये भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करता है। अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस की मदद से यह प्रोपोगैंडा फैलाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि इनमें नया पाकिस्तान नाम का एक यूट्यूब चैनल था, जिसके YouTube पर दो मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर था। अधिकारियों के मुताबिक, ये चैनल कश्मीर, कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का विरोध और अयोध्या जैसे मुद्दों पर झूठी खबरें चला रहा था।

### पाकिस्तान से चलाई जा रही थीं वेबसाइटें

इस कॉन्टेंट को लेकर पहले सुरक्षा एजेंसियों ने जानकारी दी, जिसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जांच की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह पहली बार है कि आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल भारत विरोधी प्रोपोगैंडा वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाने के लिए किया गया है। एक अंग्रेजी दैनिक के अनुसार समीक्षा में शामिल अधिकारी ने कहा, च्जांच से पता चला है कि ये वेबसाइटें और चैनल पाकिस्तान से चलाई जा रही थीं। इन यूट्यूब चैनलों पर चलाया जाने वाला कॉन्टेंट राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से ठीक नहीं है। आपको बता दें कि भारत द्वारा बैन किए गए यूट्यूब चैनलों में से 15 का स्वामित्व च्नया पाकिस्तानज् ग्रुप के पास है, जबकि अन्य में द नेकेड ट्रुथ, 48 समाचार और च्जुनैद हलीम अधिकारी शामिल हैं।

### किसान आंदोलन के दौलान चलाए थे फेक वीडियो

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की जांच में सामने आया है कि कुछ वीडियो, अनुच्छेद 370, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कश्मीर की ओर बढ़ते तालिबान लड़ाकों को लेकर थे। इन वीडियोज को 30 लाख बार देखा गया था। इन यूट्यूब चैनलों कुल करीब 3.5 मिलियन सब्सक्राइबर थे और इनके कॉन्टेंट को भारत में 500 मिलियन से भी ज्यादा बार देखा जा चुका था। जांच में यह भी सामने आया है कि इन चैनलों ने किसानों के प्रोटेस्ट को लेकर फर्जी वीडियो चलाए थे।

# कोलकाता नगर निगम चुनाव में ममता का जलवा बरकरार

## टीएमसी को भारी बढ़त ; भाजपा को झटका



**कोलकाता।** कोलकाता नगर निगम चुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। 144 वार्डों के वोटों की गिनती के लिए कुल 16 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इन मतगणना केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है और 200 मीटर के इलाके में 144 धारा लागू रहेगी। किसी भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस दायरे में नहीं आने दिया जाएगा। बता दें कि 19 दिसंबर को कोलकाता नगर निगम (चस्ष्ट) चुनाव में लगभग 64 फीसदी मतदान हुआ था।

**टीएमसी 134 सीटों पर आगे**

कुल सीट-144
टीएमसी- 134 पर आगे
भाजपा- 3 पर आगे
कांग्रेस-2 पर आगे
लेफ्ट-3 पर आगे
अन्य-2 पर आगे

### टीएमसी को 7 सीटों पर मिली जीत

पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के आधिकारिक रुझानों के अनुसार, टीएमसी को 7 सीटों पर जीत मिल गई है और 108 पर आगे है। भाजपा 4 सीटों पर आगे है, सीपीआई (एम) 2 पर, कांग्रेस 2 पर, निर्दलीय तीन पर आगे है।



# शारीरिक संबंध के बाद शादी से इनकार करना चीटिंग नहीं

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने युवक को किया बरी

**मुंबई।** शारीरिक संबंध के बादशादी से इनकार करना चीटिंग नहीं, बॉम्बे हाई कोर्ट ने युवक को किया बरी लंबे समय तक शारीरिस संबंध बनाने के बाद यदि कोई शादी करने से इनकार कर देता है तो उसे धोखाधड़ी नहीं माना जाता सकता। निचली अदालत की ओर से एक युवक को दोषी ठहराए जाने के फैसले को पलटते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। पालघर के रहने वाले काशीनाथ घरात के खिलाफ गर्लफ्रेंड की शिकायत पर पुलिस ने धारा 376 और 417 के तहत बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। गर्लफ्रेंड का आरोप था कि काशीनाथ ने शादी का वादा करके उससे फिजिकल रिलेशन बनाए और फिर वादे से मुकर गया। इस मामले में 19 फरवरी, 1999 को अतिरिक्त सेशन जज ने काशीनाथ को रेप के आरोप से बरी कर दिया था, लेकिन धोखाधड़ी का दोषी करार दिया था। अदालत ने काशीनाथ को तीन साल तक शादी का वादा कर संबंध बनाने और फिर मुकर जाने के आरोप में 1 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई थी। घरात ने इस आदेश को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जहां जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई की सिंगल बेंच ने उसे धोखाधड़ी के आरोप से भी मुक्त कर दिया। जस्टिस प्रभुदेसाई ने कहा कि तथ्य यह बताते हैं कि महिला और आरोपी के बीच तीन साल लंबी फिजिकल रिलेशनशिप चली और दोनों का अफेयर था। जस्टिस ने कहा कि महिला के बयानों से यह साबित नहीं होता है कि वह किसी तरह के धोखे में रखी गई थी। केस की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने ऐसे मामलों में उच्चतम न्यायालय के फैसलों का भी जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि यह साबित होना चाहिए कि महिला के सामने शादी का वादा करते हुए गलत तथ्य रखे गए थे और बाद में वे बातें गलत साबित हुईं। अदालत ने कहा कि दो बातें साबित होनी चाहिए, पहली यह कि गलत जानकारी देकर शादी की बात की गई थी। दूसरी यह कि वादा ही गलत था और उसके बहकावे में आकर ही महिला यौन संबंधों के लिए राजी हो गई थी।

# वैक्सीन सर्टिफिकेट से नहीं हटेगी पीएम मोदी की तस्वीर

## हाईकोर्ट ने खारिज की अर्जी ; याचिकाकर्ता पर लगाया 1 लाख जुर्माना

**कोच्ची।** केरल हाई कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के सर्टिफिकेट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर हटाने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही अदालत का समय बर्बाद करने के लिए कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने इससे पहले इसी माह हुई सुनवाई के दौरान भी याचिकाकर्ता से सवाल किया था कि वैक्सीन सर्टिफिकेट पर प्रधानमंत्री की फोटो में क्या गलत है। कोर्ट ने मंगलवार को याचिकाकर्ता से कहा कि वह जुर्माने की राशि अगले छह हफ्तों के अंदर जमा करे। इतना ही नहीं, अगर राशि जमा नहीं की जाती है तो केरल स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी यानी चद्गस्रू याचिकाकर्ता की संपत्ति से इस रकम को हासिल कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि यह जुर्माना इसलिए लगाया गया है ताकि लोगों को पता लग सके कि इस तरह की फालतू याचिकाएं कोर्ट का समय बर्बाद करती हैं। पिछली सुनवाई में जस्टिस पीपी कुन्हीकृष्णन ने याचिकाकर्ता से कहा था कि अगर किसी पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर देश की यूनिवर्सिटी का नाम हो सकता है तो वैक्सीन सर्टिफिकेट पर पीएम मोदी की फोटो होने में क्या हर्ज है? याचिकाकर्ता फिलहाल जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूटी ऑफ लीडरशिप के साथ काम कर रहे हैं। जस्टिस पीपी कुन्हीकृष्णन ने कहाकि वह हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं, किसी गैर देश के नहीं।






# कमिश्नर सिस्टम के लाभ से जनता भी अवगत हो

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भोपाल में लागू की गई पुलिस कमिश्नर प्रणाली को प्रभावी रूप से अमल में लाया जाए। आम नागरिकों को इसका एहसास भी होना चाहिए। पुलिस जनता के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करे और अपराधियों के दिल में खौफ पैदा हो। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस आधुनिक तकनीक को अपनाए। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये अत्याधुनिक तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने पुलिस कमिश्नर प्रणाली के लाभों से जनता को अवगत कराने को कहा है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद सोमवार को इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल में दिये जा रहे प्रशिक्षण




गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा पुलिस कंट्रोल रूम में लिया प्रशिक्षण का जायजा

का जायजा ले रहे थे। प्रशिक्षण में भोपाल के पुलिस आयुक्त श्री मकरंद देउस्कर भी मौजूद थे। डॉ. मिश्रा ने पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण व्यवहारिक हो, जिससे पुलिस कमिश्नर प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि इस नये सिस्टम के लागू होने के बाद अपराध नियंत्रण के सकारात्मक परिणाम अपेक्षित है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने सभी प्रतिभागी अधिकारियों से बेहतर परिणाम की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस को सौंपे गये नये दायित्वों में कोई लापरवाही न बरतें। उन्होंने सिस्टम के क्रियान्वयन को देश में सबसे अच्छा बनाने के लिये सभी से अपना शत-प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आव्हान किया।

## भारत को मिला रूसी कवच

# सबसे ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की पहली खेप पंजाब सेक्टर में तैनात

**नई दिल्ली।** रूस में बने ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की पहली खेप भारत पहुंच गई है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के हाल में हुए भारत दौरे के दौरान इसकी सप्लाई जल्द करने का भरोसा दिया गया था। अगले साल इसकी दूसरी खेप भी आ सकती है। भारत को ऐसी कुल 5 यूनिट मिलेंगी। चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत को एस-400 की बहुत जरूरत थी। हालांकि अमेरिका इस सौदे का शुरुआत से विरोध कर रहा है। यह सिस्टम पंजाब सेक्टर में तैनात किया गया है। यहां से यह पाकिस्तान और चीन दोनों के खतरों से निपट सकता है। अक्टूबर 2018 में रूस और भारत ने S-400 की सप्लाई को लेकर डील की थी। दुनिया के सबसे



आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम माने जाने वाले S-400 से हवा में भारत की ताकत अभेद्य हो जाएगी। ये सिस्टम 400 किलोमीटर की रेंज में दुश्मन की मिसाइल, ड्रोन और एयरक्राफ्ट पर हवा में ही हमला कर सकता है।

### 40 हजार करोड़ की है पूरी डील

S-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है, यानी ये हवा के जरिए हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, राकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। इसे रूस के एलमाज सेंट्रल डिजाइन ब्यूरो ने बनाया है और दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है। भारत और रूस के बीच स्-400 की 5 यूनिट के लिए 2018 में करीब 40 हजार करोड़ रुपए की डील हुई थी।

### इस सिस्टम की खासियत क्या है?

S-400 की सबसे बड़ी खासियत इसका मोबाइल होना है। यानी रोड के जरिए इसे कहीं भी लाया ले जाया जा सकता है। इसमें 92N{E इलेक्ट्रॉनिकली स्टीयर्ड फेज्ड ऐरो रडार लगा हुआ है जो करीब 600 किलोमीटर की दूरी से ही मल्टिपल टारगेट्स को डिटेक्ट कर सकता है। ऑर्डर मिलने के 5 से 10 मिनट में ही ये ऑपरेशन के लिए रेडी हो जाता है। -400 की एक यूनिट से एक साथ 160 ऑब्जेक्ट्स को ट्रैक किया जा सकता है। एक टारगेट के लिए 2 मिसाइल लॉन्च की जा सकती हैं।-400 में 400 इस सिस्टम की रेंज को दर्शाता है। भारत को जो सिस्टम मिल रहा है, उसकी रेंज 400 किलोमीटर है। यानी ये 400 किलोमीटर दूर से ही अपने टारगेट को डिटेक्ट कर काउंटर अटैक कर सकता है। साथ ही यह 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी अपने टारगेट पर अटैक कर सकता है। इस डिफेंस सिस्टम में सर्विलांस रडार लगा होता है, जो अपने ऑपरेशनल एरिया के इर्द-गिर्द एक सुरक्षा घेरा बना लेता है। जैसे ही इस घेरे में कोई मिसाइल या दूसरा वेपन एंटर करता है, रडार उसे डिटेक्ट कर लेता है और कमांड व्हीकल को अलर्ट भेज देता है। अलर्ट मिलते ही गाइडेंस रडार टारगेट की पोजिशन पता कर काउंटर अटैक के लिए मिसाइल लॉन्च करता है। यह मिसाइल सिस्टम एक साथ 36 टारगेट पर निशाना लगा सकता है।

# प्रचंड सर्दी

# हरकत में आया प्रशासन, सामाजिक संगठन भी जागे

## जलने लगे अलाव, लोगों को पहुंचाया जा रहा रेन बसेरा

**जबलपुर,यशभारत। ठंड की आमद देख गरीबों व मुसाफिरों को बर्फीली हवाओं से बचाने के लिए रैन बसेरों को व्यवस्थित करने की तैयारी शुरू हो गई है। यश भारत की खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया। नगर निगम प्रशासक बी. चन्द्रशेखर एवं कले टर कर्मवीर शर्मा की पहल पर गरीबों को ठंड से राहत दी जा रही है।जहां कले टर कर्मवीर शर्मा ने अधिकारियों को शहर में भ्रमण कर, गरीबों और बेसहारा लोगों को रैन बसेरा तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नगर निगम का अमला भी सक्रिय होकर फु पाथ पर पड़े लोगों को रैन बसेरा में पहुंचाना शुरू कर दिया है। अनेक क्षेत्रों में अलाव भी लग गए है। वहीं सामाजिक संगठनों ने भी गरीबों को रजाई कंबल बांटने शुरू कर दिए हैं।**

**यशभारत खबर का असर**

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी एसडीएम को इसके लिये शाम के वक्त भ्रमण करने का आदेश दिया, जिससे सड़कों पर अपना गुजर-बसर कर रहे लोगों को रैनबसेरा में पहुंचाया जाये। इसके साथ ही नगर निगम को भी सार्वजनिक स्थानों व मुख्य चौराहों पर अलाव जलाने के निर्देश दिये गये है।गौरतलब है कि ठंड की आमद देख शासन ने गरीबों व मुसाफि रों को बचाने के लिए रैन बसेरा बनाने, कंबल वितरण करने के निर्देश दिया है। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने अमल करना शुरू भी कर दिया है। इसके लिये लकडियों की व्यवस्था के साथ ही बेसहारा लोगों को रैन बसेरा तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों से रैन बसेरों में तैयारियों की जानकारी भी ली। इसके साथ ही कलेक्टर ने रैन बसेरों के जल्द ही निरीक्षण कर पर्याप्त इंतजाम देखने की बात भी कही। कलेक्टर के आदेश के पालन में सभी एसडीएम ने अधिकारियों को जल्द व्यवस्था पूरी करने का निर्देश दिया है।

### निगम प्रशासन द्वारा की गई मानवीय पहल


फुटपाथ पर सोते लोगों को उठाते नगर निगम कर्मी



निगम की बस में पहुंचाया गया रेन बसेरा

नगर निगम द्वारा मानवीय पहल की जा रही है जिसके अंतर्गत सड़क किनारे, फुटपाथें पर, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं चौराहों, तिराहों, सार्वजनिक स्थलों पर खुले आसमान के नीचे सोने वाले बेसहारा एवं निराश्रित गरीबों को सर्वसुविधायुक्त रैन बसेरों में जगह दी जाकर उन्हें राहत पहुँचाई जा रही है। लगातार चल रही शीतलहर को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों को चिन्हित कर उन्हें वाहनों के माध्यम से रैन बसेरों में पहुँचाया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी आयुक्त परमेश जलोटे ने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए खुले आसमान के नीचे सोने के लिए विवश निराश्रित गरीब लोगों को रैन बसेरों में पहुँचाने का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है, इसके लिए योजना शाखा, उद्यान विभाग, अग्नि सैन्य एवं अतिक्रमण विभाग के संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ सभी संभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया है कि वे संबंधित स्थलों का रात्रिकालीन भ्रमण कर खुले आसमान के नीचे सोने वालों को चिन्हित कर उन्हें नदीक के रैन बसेरों में पहुँचाकर उन्हें ठंड की ठिठुरन से राहत दिलायें। उन्होंने बताया कि आदेशों के परिपालन में अब तक 2 दर्जन से अधिक निराश्रित गरीब एवं बेसहारा लोगों को आई.एस.बी.टी. एवं दमोहनाका में संचालित रैनबसेरों में पहुँचाया जाकर उनके रहने एवं सोने की उत्तम व्यवस्था की गई है। सर्दियों के इस मौसम को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सभी रैन बसेरो के अलावा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलां, बाजारो, अस्पतालों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है जहाँ नियमित रूप से उद्यान विभाग द्वारा जलाऊ लक ?ी उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रभारी आयुक्त परमेश जलोटे ने बताया कि खुले आसमान के नीचे सोने बाले निराश्रित एवं गरीब लोगों को रैन बसेरों तक पहुँचाने का कार्य अभियान के रूप में नियमित रूप से चलाया जायेगा।


यश भारत

अधिकारी सो रहे, अकड़ रहा गरीब

जबलपुर यश भारत। हाड़तोड़ सर्दी से जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सर्द लहर के कारण लोग घरों में दुबके पड़े है। ऐसे में उन गरीबों का क्या होगा जो अपने परिवार का पेट भरने के लिए मजदूरी करने जबलपुर तो आ गए लेकिन उनके पास रहने को छत नहीं है और वह फुटपाथ में खुले आकाश में पड़े हुए है। उनके पास न ओढ़ने के लिए रजाई कंबल है और न अलाव का सहारा। दिन भर की कड़ी मजदूरी करने के बाद रात में उन्हें खुले आकाश के नीचे भीषण ठंड में रात ठिठुरते हुए गुजारनी पड़ रही है। यश भारत की टीम ने जब इस बारे में तफ्तीश की तो हालात देख कर रोंगटे खड़े हो गए। शहर में कई क्षेत्र ऐसे है जहां लोग फुटपाथ पर रात में अपना जीवन व्यतीत कर रहे है लेकिन ठंड ने उन्हें तोड़ कर रख दिया है। जब टीम ने उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि वह मजदूरी करने के लिए आए है लेकिन उनके पास रहने के लिए कोई ठिकाना नही है कोई फुटपाथ पर तो कोई पेड़ की छांव में बैठकर अपनी रात काट रहा है उनके साथ तो परिवार में छोटे-छोटे मासूम बच्चे है जो कांप रहे थे। मां उन्हें आंचल में छिपाकर, फटे कटे कपड़ों से ढांक ठंड से बचाव में जुटी है। पूर्व में नगर निगम व समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती थी जिससे गरीब और बेसहारा लोगों को ठंड से राहत मिलती थी लेकिन विगत कुछ वर्षों से यह परंपरा खत्म सी हो रही है जिसके कारण लोग कड़कड़ाती ठंड सहने को मजबूर है।

शीतलहर का कहर कब होगी गरीबों पर नजर

कहा गए रैन बसेरा

गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में रैन बसेरे का निर्माण कराया गया है लेकिन गरीबों को इन रैन बसेरे का पता नहीं मालूम है वही फुटपाथ पर सो रहे लोगों को भी कोई रैन बसेरा में जाने के लिए नहीं कहता और गाहे-बगाहे कोई वहां पहुंच भी जाता है तो भगा दिया जाता है समाजसेवी हुए नदारद गरीब और बेसहारा लोगों के लिए सबसे बड़ा सहारा शहर के समाजसेवी व सामाजिक संस्थाएं हुआ करती थी जो ठंड होने के साथ ही कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया करती थी लेकिन वर्तमान परिदृश्य में देखा जा रहा है की ठंड शहर है लोगों से किसी को भी सरोकार नहीं है।

एसपी ने ली सुध

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने भीषण सर्दी को देखते हुए मालगोदाम, कचहरी वाले बाबा दरगाह समेत सात प्वाइंटों में अलाव की व्यवस्था की है।



### मोक्ष बांट रहा रजाई और क बल

जबलपुर। भीषण ठंड को देखते हुए परोपकारी संस्था मोक्ष ने अब गरीबों को रजाई कम्बल बांटने शुरू कर दिए है। मोक्ष संस्था के प्रमुख आशीष ठाकुर ने बताया कि संस्था अपनी क्षमता के अनुसार कम्बल रजाई का वितरण ऐसे लोगों के बीच कर रहा है जिनके पास तन ढकने कपड़े नहीं है। इस दौरान संस्था अलाव की भी व्यवस्था कर रही है।

# 15 अगस्त को परेड में दिखेगा टैंक विध्वंसक मेंगो बम

**जबलपुर यशभारत।अगले वर्ष स्वतंत्रता दिवस यानि15 अगस्त2022 को शहर और आयुध निर्माणी खमरिया के लिए गौरव का पल होगा जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री राष्ट्र के नाम संबोधित करते हुए खमरिया मे पूर्ण स्वदेशी तकनीक से विकसित टैंक को विध्वंस करनेवाले125एम एम बम को राष्ट्र को समर्पित करते हुए सेना को सौपने की घोषणा करेंगे।**




**ओ एफ के में पूर्ण स्वदेशी तकनीक से किया गया है विकसित**

इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं।जिसे राजपथ मे होने वाली परेड में शामिल किया जाएगा जिसका पूरा राष्ट्र अवलोकन करेगा। उल्लेखनीय है देश की41आयुध निर्माणियों के उत्पादों में से खमरिया फैक्ट्री के इस उत्पादन को चुना गया है।यूं तो खमरिया मे पहले से ही एफ एस ए पी सी125एम एम इजरायल तकनीक से बनते आ रहे है।लेकिन बदलते परिवेश में उच्च तकनीक और घातकता को ब ?ाने के लिए रूस से तकनीकी अनुबंध कर इसे खमरिया मे पूर्ण स्वदेशी तकनीक से बनाने की महत्वाकांक्षी मेंगो प्रोजेक्ट के रूप में इसे शुरू किया गया जिसके लिए अलग से दो आधुनिक और अद्यतन तकनीक के साथ भवन तैयार किये जा चुके हैं।इसके लिए खमरिया से अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए रूस भी भेजा गया था।लगभग पांच वर्ष के बाद अब नये रूप में125एम एम बम बनने की स्थिति तैयार हो चुकी है।थो ?ा बहुत काम है जो जल्द ही पूरा हो जाएगा।इसलिए इसे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्र को समर्पित करने का फैसला लिया गया है।रक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद इसमें और तेजी आ गई है।

# नए साल 2022 में 15 जनवरी से बजेगी शहनाई

**जबलपुर।** वर्ष 2022 में विवाह के कई शुभ मुहूर्त हैं। साल में मार्च, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर को छोड़ कर हर माह अनेकों शादी के शुभ मुहूर्त हैं। गौरतलब है कि पिछले दो साल से कोरोना महामारी के कारण कई विवाह



कैंसिल हो गए। 2020 में अधिकांश शादियां नहीं हो पाई। हालांकि साल 2021 में कम मुहूर्त के बावजूद काफी शहनाइयां बजी। नए वर्ष 2022 में शादी-ब्याह के लिए 87 दिन शुभ है। 18 जनवरी 2022 को भौम पुष्य योग रहेगा। इन योगों में शॉपिंग मंगलकारी साबित होगी। मार्च में गुरु के अस्त रहने से मुहूर्त नहीं है। वहीं अगस्त से अक्टूबर में सूर्य के कर्क राशि, सिंह और तुला राशि में गोचर के कारण शादियां नहीं होंगी। शास्त्रों के अनुसार खरमास और धनारस में विवाह नहीं होते हैं।

### जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक शुभ मुहूर्त

**जनवरी 2022**
15,20 से 25, 27 से 30 (कुल 11 दिन शुभ मुहूर्त)

**फरवरी 2022**
4 से 6, 9 से 11 और 16 से 21 (कुल 12 दिन शुभ मुहूर्त)

**अप्रैल 2022**
15, 17, 19 से 23, 27 और 28 (कुल 9 दिन शुभ मुहूर्त)

**मई 2022**
2 से 4, 9 से 20, 24 से 26 और 31 (कुल 19 दिन शुभ मुहूर्त)

**जून 2022**
1, 5 से 17, 21 से 23 और 26 (कुल 18 दिन शुभ मुहूर्त)

**जुलाई 2022**
2,3,5,6 और 8 (कुल 5 दिन शुभ मुहूर्त)

**नवंबर 2022**
4, 26 से 28 (कुल 4 दिन शुभ मुहूर्त)

**दिसंबर 2022**
2 से 4, 7 से 9, 12 से 15 (कुल 9 दिन शुभ मुहूर्त)



# शहर की साहित्य विभूतियों की नागपुर में याद

जबलपुर यशभारत।गत दिवस नागपुर के अंबाझरी में रजनीश लोडवाल, अपर महानिदेशक, आयुध महानिदेशालय कोलकाता के सम्मान में राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी, अंबाझरी नागपुर के उत्सव हॉल में -काव्य संध्या का आयोजन किया गया।जिसमें अपर महानिदेशक ने जबलपुर की साहित्य विभूतियों इरफान झासवीं साज जबलपुरी हास्य कवि नरेन्द्र शर्मा इन्द्र बहादुर श्रीवास्तव आदि की याद करते हुए उनके साहित्य योगदान को याद किया।

**काव्य संध्या में अपर महानिदेशक ने किया उल्लेख**

इस अवसर पर श्रीमती सुमन लोडवाल, उपाधयक्ष अखिल भारतीय महिला कल्याण समिति कोलकाता भी उपस्थित थीं । श्री लोडवाल का सम्मान जय प्रकाश शर्मा एवं कवयित्री मंजू प्रीत ने किया।काव्यसंगीत संध्या में सुयोग जैन मनोज बंड श्रीमती मयूरी बंड कोमल बंड मनोज वर्गिस आर. के. पंडा और कुमारी अनुराधा आर्य ने सुमधुर गीतों की। द्वितीय दौर में वरिष्ठ कवि जय प्रकाश शर्मा मनोज कुमार ए जी एम/एन ए डी पी मंजू प्रीत देवेंद्र मुसाफिर अनिल बजाइत, आर बी गुप्ता एहसास और मुख्य अतिथि श्री लोडवाल ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस मौके पर राजीव गुप्ता जी एम ओ एफ अंबाझरी श्रीमती मंजू लता गुप्ता महेन्द्र कुमार आर्य श्रीमती रश्मि आर्य के.एल विश्वकर्मा अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे ।उल्लेखनीय है कि श्री लोडवाल आर बी गुप्ता एहसास करीब डेढ़ दशक तक व्ही एफ जे मे रहे और साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देते रहे। अंत में आभार सिरिल पेड्रो ने ज्ञापित किया।

# 43 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत टेबल टेनिस प्रतियोगिता कल से

*जबलपुर,। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 22 से 24 दिसंबर तक 43 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 22 दिसंबर को



प्रातः 10.00 बजे नयागांव स्थित विद्युत हॉस्टल में होगा। प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर, जबलपुर क्षेत्र, सागर, रीवा, शहडोल, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर सहित कुल 14 टीमों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता में टीम इवेंट के साथ व्यक्तिगत एकल खिताब के लिए मैच खेले जाएंगे। पिछली अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता इंदौर व उपविजेता केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की टीम रही थी।

# स्कूली छात्रों के लिए मेगा ड्राइंग का कार्निवल 2 जनवरी को

## जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का आयोजन

**जबलपुर।** इस बार 9 वर्ष के दूसरे दिन हर बच्चा भरेगा रंग हर ओर होगी उमंग टीम के साथ जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा स्कूल परिसर में 2 जनवरी को सुबह 11ः00 बजे से 1 मेगा ड्राइंग कार्निवल का आयोजन 7 से 16 वर्ष की आयु के सभी स्कूल के सभी छात्र छात्राओं के लिए किया जा रहा है इस आयोजन में नासिर प्रवेश पूर्णता निशुल्क है अपितु संपूर्ण ड्राइंग कट वाटर कलर भी जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा सभी प्रतियोगियों को निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी प्रतियोगिता के दौरान रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हैं एवं इसी दौरान सांता क्लॉस भी बच्चों को उपहार देने व मनोरंजन करेंगे प्री पैक शाकाहारी स्वल्पाहार भी बच्चों को वितरित किए जाएंगे प्रतियोगिता में दो अलग-अलग आयु वर्ग में पृथक पृथक प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार तीन दिए जाएंगे जिनकी राशि कर्मचा 21000 11000 7500 एवं 5000 है आयु वर्ग 7 से 11 वर्ष के बच्चों के लिए एवं आयु वर्ग में 12 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए है प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विस्तृत जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 80 0890 3899 पर सुबह 9ः00 से दोपहर 2ः30 तक संपर्क किया जा सकता है

## खमरिया में राजभाषा समारोह संपन्न

# विविध स्पर्धाओं से हिंदी को बढ़ावा देने आव्हान

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी को ब ?ावा देने के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण एवं निर्माणी में प्रकाशित होने वाली पत्रिका गुलदस्ता एवं विविधा का विमोचन निर्माणी के महाप्रबंधक एसके सिन्हा के द्वारा किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ के बाद निर्माणी में आयोजित राजभाषा की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता




प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल को आज महाप्रबंधक एस.के.सिन्हा के द्वारा पुरस्कृत किया । महाप्रबंधक ने सभी कर्मचारियों एवं आयोजकों को कार्यक्रम के लिए बधाई दी।इस अवसर पर डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने हेतु जन संपर्क (पी.आर)अनुभाग के पंकज वर्मा के द्वारा गुलदस्ता एवं विविध डिजिटल पत्रिका डिजाइन करने के लिए श्री वर्मा को प्रूस्कृत किया ।कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक एम.सी.गुप्ता अशोक कुमार उप महाप्रबंधक दिनेश कुमार प्रशासनिक अधिकारी एन.डी.तिवारी सहित यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सोनी ने किया ।

# सूर्य जगत के पालन कर्ता

**जबलपुर।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में पौष मास कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के पावन दिवस पर आज से प्रारंभ हुआ एक माह तक सूर्य अर्चन सर्वप्रथम भगवान शिव का अभिषेक किया गया तत्पश्चात भगवान सूर्य का विधि विधान से पूजा कर सहस्त्र गुलाबों द्वारा अर्चन किया गया इस शुभ अवसर पर परम पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने सूर्य अर्चन में समस्त उपस्थित भक्तों को बताया कि सूर्य जगत के पालन करता है अर्थात प्रकृति पर प्रत्यक्ष देवता सूर्य और चंद्रमा ही है भगवान सूर्य के तेज से संपूर्ण पृथ्वी तेजोमय है इसी से समस्त प्राणियों को भोजन हेतु अन्न प्राप्ति होती है जगत में निवास करने वाला प्राणी भगवान सूर्य की उपासना



से सभी रोग दुख दरिद्रता से निवृत्ति पा सकता है यहां तक कि जब भगवान श्री राम युद्ध पर जा रहे थे तब महर्षि अगस्त्य ने उन्हें आदित्य हृदय स्तोत्र का ज्ञान दिया था जिससे वह युद्ध विजयी भी हुए अर्थात भगवान सूर्य हर प्रकार से मानव जीवन के पालन कर्ता है वैज्ञानिक दृष्टि से भी सूर्य अन्न जल दाता में सहायक है अतः हम यह कह सकते हैं कि भगवान सूर्य जगत के पालन करता है आज के सूर्य महापूजा एवं सूर्य अर्चन में भरत सिंह यादव मधु यादव प्रकाश द्विवेदी मनोज सेन श्रीमती रिचा मिश्रा श्रीमती प्रीति अग्रवाल श्रीमती आराध्या चौकसे एवं शिव शंकर ने सूर्य अर्चन में उपस्थिति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय वालीबॉल(पुरुष) प्रतियोगिता

# यूनिवर्सिटी ऑफराजस्थान प्री-क्वालिफाइंग चक्र में

जबलपुर। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शारीरिक शिक्षण विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विश्वविद्यालय खेल परिसर व श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विष्वविद्यालय वालीबॉल(पुरुष) प्रतियोगिता में टीमों के बीच संघर्ष देखने को मिल रहा है। इस प्रतियोगिता में पूल ए से यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान ने प्री-क्वालिफाइंग चक्र में प्रवेश किया। श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में मैचों में अतिथि विनोद गोंटिया, वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता आषीष दुबे, प्रदेष मंत्री, भा.ज.पा., डॉ.बृजेष सिंह, कुलसचिव, रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय एवं अध्यक्षता भीष्म सिंह सिंह राजपूत,मध्यप्रदेश सायकलिंग शरदचंद पालन,अध्यक्ष शासी निकाय, डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्रभात दुबे,



अभिमन्यु जैन, यू.एस.दुबे, डॉ.शक्ति सिंह मण्डलोई राज सागरी,सुरेश मिश्र विचित्र उपस्थित रहे। पूल ए के मैचों में एस.के.डी.यूनिवर्सिटी हनुमानगढ ने बी.एन.यू. उदयपुर को, यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान वि.वि. ने अमरावती वि.वि. को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। तत्पष्चात खेले गये मुकाबले में यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान वि.वि. ने एस.के.डी.यूनिवर्सिटी हनुमानगढ को 3-0 से परास्त कर प्री-क्वालिफ ाइंग चक्र में अपनी जगह सुनिष्चित की। मैचों में रैफरी की भूमिका अषोक नामदेव,जबलपुर, मुन्नालाल कारपेंटर, माधुरी शर्मा, जबलपुर,मयुर श्रीवास्तव, अरविंद डौंगरे,जबलपुर, सोनू पटेल,इटारसी ने निभाई। समस्त प्रतियोगिता में मंच संचालक की भूमिका डॉ.आनंद सिंह राणा एवं डॉ.कौषल दुबे ने निभाई ।रादुविवि खेल परिसर में मेजबान रा0 दु.वि.वि.ने हिंदवाड़ा वि.वि हराया।

# सुबह-सुबह कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे 1500 नगर निगम के सफाई कर्मी

## डोर टू डोर कचरा नहीं उठा

**जबलपुर, यशभारत। कड़ककड़ाती ठंड में जहां लोग घरों में दुबके रही तो वहीं घरों से डोर टू डोर कचरा उठाने कमीज़ सड़कों पर नजर आए। दरअसल 4 माह से वेतन नहीं मिलने से खफा 1500 सफाई कमिज़्यों ने कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे लेकिन कायाज़्लयों में ताला लगा होने के बाद सफाई कमीज़ स्माटज़् सिटी ऑफिस के दफ्तर पहुंचे और जमकर हंगामा किया।**





विरोध प्रदशज़्न कर रहे सफाई कमिज़्यों ने कहा कि ठेका कंपनी ज्यादती कर रही है, हर बार हड़ताल करने के बाद ही वेतन दिया जाता है। 4 माह से वेतन नहीं मिला और न ही पीफकी कटौती हुई हैं। वेतन मिलने के बाद ही सफाई कमीज़ काम पर लौटेंगे।



### घरों में होता रहा इंतजार

सुबह जब डोर टू डोर कचरा गाड़ियां और सफाई कमीज़ नहीं पहुंचे एक बार फिर घरों के बाहर कचरों का ढेर लगा रहा है। वहीं घरों

## शहर में लगा कचरों का ढेर

की बाल्टियों में भी कचरा एकत्रित था। नागरिकों का कहना था कि सफाई कमिज़्यों की हड़ताल के कारण हर बार परेशानी झेलनी पड़ती है।

### गली-चैराहों पर दिखा कचरा

सफाई कमिज़्यों की हड़ताल के कारण शहर के मुख्य चैराहे और गलियों में भी कचरा नजर आया। वेतन नहीं मिलने से नाराज हुए सफाई कमिज़्यों का दो टूक कहना था कि इतनी ठंड में नियमित रूप से शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखे बाबजूद ठेका कंपनी समय पर वेतन नहीं दे रही है। हर माह वेतन दिए जाने का वादा किया जाएगा तब ही सफाई कमीज़ काम पर लौटेंगे।

# वाह...रे.. चोर

## नींद आई तो चोरी का सामान किनारे रखा और सो गया



**सुबह पुलिस का मेहमान बना**

जबलपुर, यशभारत। कहते है की..भूख ना जाने सूखी भातज़ और नींद न जाने टूटी खाट..नींद सबको प्यारी होती है। लेकिन काम के दौरान लग जाए तो मामला बिगड़ जाता है। फिर भले ही वह चोरी का ही काम क्यों न हो। कुछ ऐसा ही इस चोर के साथ भी हुआ है। नींद आते ही वह गहरी नींद में सो गया। दरअसल जबलपुर जिले से भी एक ऐसा अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहाँ पुलिस थाने से चंद कदमों की दूरी में बीती रात एक चोर ने एक होटल में धावा बोल दिया और चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर वही सो गया। नींद इतनी गहरी थी कि वह भूल गया कि चोरी करने आया है। मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कड़कड़ाती ठंड में लोग घरों से बाहर निकलने की हिमाकत नहीं कर रहे हैं। इस बीच एक चोर होटल में चोरी करने पहुंचा था। दुकान का ताला तोड़ उसने सारा सामान इकट्ठा कर लिया था। उसके बाद चोर को नींद आने लगी तो वह दुकान में ही सो गया। दरअसल शहर के बीचो बीच गढ़ा पुलिस थाना के बाजू में वनी एक होटल मे युवक चोरी करने पहुंचा था। इसने रॉड से गुमटी का दरवाजा का ताला तोड़ा और वहां रखा सामान समेटने लगा था। इस दौरान चोर को नींद आ गई उसके बाद चोरी का सामान वहीं किनारे पर रखा और सो गया। चोर को नींद इतनी गहरी लग की वह सुबह तक उठा ही नहीं। सुबह जब दुकान के मालिक दुकान खोलने के लिए पहुँचे तो वहाँ पहले से ही दरवाजा टूटा हुआ था और अंदर चोर मस्त नींद में सो रहा था। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने जब चोर को आवाज लगाई तो चोर की नींद में खलल पड़ गई। दुकान के मालिक आनंद कोस्टा ने जब उसे उठने के लिए बोला तो वह चिढ़ गया। और साथ ही सोने के लिए कहने लगा कि अभी सोने दो यार। जिसके बाद पुलिस ने उसे उठा कर हिरासत में लिया। लेकिन थाने ले जाने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफमामूली धाराओं में मामला दजज़् कर उसे छोड़ दिया जिसके बाद अब पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बहरहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफभिभिन्न धाराओं में मामला दजज़् कर लिया गया है और उसकी जांच कर रहे हैं।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनोरमा का फार्म निरस्त

*जबलपुर, यशभारत। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कल सोमवार दोपहर 3 बजे तक जमा हो चुके जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, पंच और सरपंच पद के लिए दावेदारों के नाम-निर्देशन पत्र (नामांकन फॉर्म) की स्क्रूटनी आज सुबह साढ़े दस बजे से की जा रही है। इसके चलते सभी दावेदारों या उनके एजेंट्स की उपस्थिति में फॉर्म की स्क्रूटनी की जा रही है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनोरमा पटैल का फार्म निरस्त हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट में रिर्टनिंग ऑफिसर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षक सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अफसर डीडी अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आए कुल 89 नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की जा रही है। उधर, सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में सहायक रिर्टनिंग अधिकारियों द्वारा भी जनपद सदस्य सहित पंचसरपंच पद के लिए दावेदारों द्वारा जमा किए गए नामनिर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की जा रही है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आए 89 फॉर्म में से कुछ फॉर्म निरस्त भी किए जा चुके हैं शेष पर स्क्रूटनी की प्रोसेस जारी है। स्वीकृत किए गए नामांकन फॉमज़् में से जिसमें तमाम औपचारिकताएं पूरी हैं और जो सभी अहताओं को फुल-फिल कर रहे हैं उनके फॉमज़् आयोग प्रेक्षक की सहमति से ओके किए जा रहे हैं।*




उम्मीदवारों के नामांकन फार्म की स्क्रूटनी



## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के संभागीय महामंत्री बने सहदेव रजक

जबलपुर। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा जबलपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संभागीय अध्यक्ष अजय कुमार दुबे द्वारा श्री सहदेव रजक को संभागीय महामंत्री नियुक्त किया जिससे संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है संभागीय संरक्षक राम कुमार मेहरा प्रांतीय सचिव एवं जिला शाखा अध्यक्ष रविकांत दहायत संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पीपरे संभागीय सचिव महेंद्र साहू संजय रजक आदि उपस्थित रहे।

# जबलपुर समेत समूचा महाकोशल अंचल शीतलहर की चपेट में

**जबलपुर,यशभारत ।** जबलपुर समेत समूचा महाकोशल अंचल शीतलहर की चपेट में हैं। जिससे हाड़ कंपाने वाली ठंड लोगों कोपरेशान कर रही है। पेड़ों की पत्तियों पर ओस की बूंद जम गई। सुबह साढ़े 10 बजे तक कंपकपी जारी रही। तेज धूप निकलने



से दोपहर में हल्की राहत रही, लेकिन उत्तरी हवा चलने के कारण कंपकपी शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार आज भी शीत लहर व पाला पड़ने के आसार हैं। रविवार-सोमवार की रात न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री कम 5.2 था। जबकि मंगलवार की सुबह साढ़े 8 बजे पारा 8.2 था। फसलों को पाला से नुकसान की आशंका है। उत्तराखंड में चक्रवातीय घेरा व राजस्थान में बने प्रति चक्रवातीय घेरा बनने से उत्तरी हवा तेज गति से चल रही हैं। क्षोभ मंडल में भी इस हवा का असर अधिक है। इस कारण शहर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिसे कम रहने से पत्तों पर बर्फ जमने लगी है। दिन का तापमान भी सामान्य से 4 डिसे कम रहा। ठंड के कारण लोग रजाई में दुबके रहे। दोपहर में धूप सेक रहे हैं। सूर्य अस्त के बाद ठंड और सता रही है। सड़कों पर अलाव जल गए और घरों में हीटर। लोग दिन गर्म कपड़े पहनने के बाद भी धूप सेंकते नजर आ रहे हैं, वहीं शाम ढलते ही रजाई में दुबकने लगते हैं। गली-मोहल्लों में लोग अलाव जलाकर ठंड से जूझ रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। फिलहाल कोई वेदर सिस्टम नहीं रहने के कारण मौसम शुष्क है। इस वजह से आसमान भी साफ है। हवाओं का रुख भी लगातार उत्तरी बना हुआ है। जिसके चलते बर्फीली हवाएं सितम ढा रही हैं। 23 दिसंबर से हवाओं का रूख बदलने के आसार है। जिसके चलते मौसम के मिजाज में कुछ गर्माहट आने की उम्मीद है।

-गर्म कपड़े के बाजार में गर्माहट आ गई। जैकेट व स्वेटर खरीदने वालों की संख्या बढ़ गई है। ठंड पड़ने से गर्म कपड़े के मार्केट ठंड पड़े थे। ठंड के कारण चाय की दुकानों पर भीड़ दिखने लगी है। दूध की दुकानें भी सज गई हैं। गर्म पेय पदार्थों की खपत बढ़ी है। तेज ठंड का असर सामान्य जनजीवन पर भी देखने को मिल रहा है। रात नौ बजे बजते-बजते सड़कों पर अपेक्षाकृत लोग दिखाई नहीं दे रहा है। रात में यातायात करने से लोग बच रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिन ठंड का प्रकोप जारी रहेगा।

### खेतों में धुआं करने व ग्लूकोज के छिड़काव की सलाह

कृषि विज्ञानियों ने रबी की फसल खासकर अगेती के चने की फसल को पाला से नुकसान की आशंका जताई है। जल्द बोवनी वाली दलहनी फसल में फूल आ चुके हैं। पाला पड़कने से फूल मुरझा जाएंगे। इसी तरह मटर की फसल को भी ओस से नुकसान होगा। विज्ञानियों ने इसके लिए खेतों में धुआं करने व ग्लूकोज के छिड़काव की सलाह दी है।

# कुंडम चौरई निर्वाचन कार्यालय में आदिवासियों पर लाठी चार्ज



**देर रात तक नामांकन जमा करने कार्यालय में मची भीड़**

**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम चौरई निर्वाचन कार्यालय में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब पुलिस ने आदिवासियों पर लाठीचार्ज कर दिया। पंचायत नामांकन की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। आदिवासी उम्मीदवारों का आरोप था कि फार्म जमा करने वाले अधिकारी मनमानी कर रहे थे और उन्होंने उनके फार्म जमा नहीं किए। जानकारी के अनुसार सोमवार को पंचायत सरपंच-पंच पदों के लिए नामांकन भर करके जमा करने की अंतिम तारीख थी। इसी के तहत कुंडम जनपद के चौरई निर्वाचन कार्यालय में उम्मीदवारों की ज्यादा भीड़ नजर आई। बताया जा रहा है कि अधिकारियों द्वारा देररात तक उम्मीदवारों के फार्म जमा किए गए लेकिन इस दौरान आदिवासी उम्मीदवार उस विरोध प्रदर्शन करने लगे जब कुछ उम्मीदवारों के फार्म जमा नहीं किए। स्थिति को देखकर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर दिया। हालांकि कुंडम पुलिस का कहना है कि किसी भी तरह का लाठीचार्ज नहीं किया गया है। कुछ शराबी युवक उत्पात मचा रहे थे उनको अलग किया गया था।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

राप्रक्र/1856/अ-1/2021-22
जबलपुर दिनांक 13/12/21

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमला साहू पति स्व. रमेश कुमार साहू निवासी 664 अग्रसेन वार्ड बासुडेरी के पास जानकी नगर द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर प्लॉट नंबर 132 स्थित भूमि खसरा नंबर 226/1/1 में से रकबा 1500 वर्ग फुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में रमेश कुमार साहू के नाम से दर्ज है। वारसान ने खातेदार रमेश कुमार साहू से जिनकी मृत्यु हो जाने से वारसान हक में फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29/12/21 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांकः 13/12/21
पेशी दिनांक 29/12/21

**अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

राप्रक्र/2688/अ-1/2021-21
जबलपुर दिनांक 9/12/21

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमला साहू पति रमेश कुमार साहू 2 निवासी 664 अग्रसेन वार्ड बासुडेरी जानकी नगर द्वारा ग्राम औरिया नं बं 01 प.ह.नं. 72 राजस्व निरीक्षक मंडल जबलपुर में स्थित खसरा नं 77 का भाग रकवा 0.148 हे. भूमि फौती का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि श्री रमेश साहू पिता कालूराम साहू के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 29/12/21 तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपित्तयों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांकः 9/12/21
पेशी दिनांक 29/12/21

**अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर जिला-जबलपुर म.प्र.

क्रमांक/ /4058/रा.शा. /2021-22 पनागर, दिनांक 17.12.2021


### इश्तहार सूचनाभवन/प्लाट हकान्तरण सूचना वर्ष 2020-21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर हकान्तरण कार्यवाही की जाना है । इस हेतु जारी दिनांक से 07 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी।

**सूचित हो**

| क्र | प्रकरण क्र | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपत्ति हस्तांतरण का माध्यम | हस्तान्तरिति का नाम एवं पूर्ण पता | हस्तान्तरणकर्ता का नाम एवं पूर्ण पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 349 | विवेकानंद वार्ड | भवन | शपथपत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र /सहमति पत्र | श्रीमती गुड्डी बाई काछी पति श्री अमृतलाल काछी विवेकानंद वार्ड | श्री अमृतलाल कुशवाहा पिता श्री टीडईराम कुशवाहा विवेकानंद वार्ड पनागर |
| 2 | 400 | बजरंग वार्ड | भवन | शपथपत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र /वसीयत नामा | श्रीमति रामबाई ठाकुर पति श्री सन्तु सिंह ठाकुर बजरंग वार्ड | श्री संतु सिंह ठाकुर पिता श्री झुन्नी सिंहठाकुर बजरंग वार्ड |
| 3 | 403 | बजरंग वार्ड | भवन | शपथपत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र /वसीयत नामा | श्री जय कुमार केवट पिता श्री स्व. डोमन लाल केवट बजरंग वार्ड | श्री गोजीलाल केवट पिता श्री शारदा प्रसाद केवट बजरंग वार्ड |
| 4 | 408 | भगत सिंह वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र | श्री रमेश प्रसाद पिता श्री खलबल पटेल, पुत्री वंदना, अंजना, रंजना एवं नंदकिशोर पटेल पिता श्री रमेश प्रसाद पटेल भगत सिंह वार्ड | श्रीमती मुन्नी बाई पटेल पति श्री रमेश पटेल भगत सिंह वार्ड |
| 5 | 411 | भगत सिंह वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र /सहमति पत्र | श्री राजीव मिश्रा पिता श्री रामनारायण मिश्रा भगत सिंह वार्ड | श्री रामनारायण मिश्रा पिता श्री राम गरीब मिश्रा भगत सिंह वार्ड |
| 6 | 412 | शिवाजी वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र /सहमति पत्र | श्री रविकुमार, श्री सतीश कुमार कुशवाहा पिता श्री स्व. रामरतन कुशवाहा शिवाजी वार्ड | श्री राम रतन काछी पिता श्री कोदूलाल काछी शिवाजी वार्ड |
| 7 | 413 | विद्यासागर वार्ड | भवन | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री शुभम सराफ पिता श्री शीतल सराफ विद्यासागर वार्ड विजय नगर जबलपुर | श्रीमती श्यामाबाई सराफ पति श्री स्व काशीराम सराफ विद्यासागर वार्ड |
| 8 | 420 | विनोवाभावे वार्ड | भवन | वसीयतनामा | श्री नंदनकुमार तिवारी पिता श्री स्व. लोचन प्रसाद तिवारी जयप्रकाश वार्ड | श्री लोचनप्रसाद तिवारी उर्फ रामलोचन पिता स्व. मोती लाल तिवारी जयप्रकाश वार्ड |
| 9 | 424 | विनोवाभावे वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत /विक्रय पत्र | श्री अजय कुमार बर्मन पिता श्री मुन्ना लाल बर्मन गांधी ग्राम बुढ़ागर | श्रीमती रजनी जैन पति श्री सुभाषचंद्र जैन विद्यासागर वार्ड |
| 10 | 426 | विवेकानंद वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र /सहमति पत्र | श्रीमती प्रीति कोरी पति श्री ब्रजकुमार कोरी विवेकानंद वार्ड | श्री गुरुदयाल कोरी पिता श्री स्व. जागेश्वर प्रसाद कोरी विवेकानंद वार्ड |
| 11 | 427 | गांधी वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र /सहमति पत्र | श्रीमती किरण सराफ पति श्री किशोर कुमार सराफ गांधी वार्ड | श्री किशोर कुमार सराफ पिता श्री नत्थूलाल सराफ गांधी वार्ड |
| 12 | 428 | शिवाजी वार्ड | भवन | ई पंजीकृत/विक्रय पत्र | श्रीमति चंद्रलेखा गुप्ता पति श्री अनिल गुप्ता शिवाजी वार्ड | श्री देवेन्द्र साहू, श्री सुरेन्द्र साहू पिता श्री बद्रीप्रसाद साहू शिवाजी वार्ड |
| 13 | 429 | सुभाष वार्ड | भवन | शपथ पत्र /वशियत नामा | श्री छविशंकर साहू पिता श्री जीवनलाल साहू सुभाष वार्ड | श्रीमति कुसुमरानी साहू पति श्री जीवनलाल साहू सुभाष वार्ड |
| 14 | 430 | आजाद वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र | श्री गणेशप्रसाद लोधी, श्री सुरेन्द्र कुमार लोधी पिता श्री सीताराम लोधी आजाद वार्ड | श्री सीताराम लोधी पिता श्री भंगीलाल लोधी आजाद वार्ड |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् पनागर**



# शैक्षिक सुधार खोलेंगे रोजगार के द्वार

केंद्र सरकार का कहना है कि 2018 में प्रोविडेंट फंड की सदस्यता लेने वाले श्रमिकों में 70 लाख की वृद्धि हुई है लेकिन प्रोविडेंट फंड की सदस्यता में वृद्धि और रोजगार में वृद्धि दो अलग-अलग बाते हैं। 2018 का समय नोटबंदी और जीएसटी का था। इन नीतियों के कारण छोटे उद्योग कम हुए थे और ब?े उद्योग ब?े थे। छोटे उद्योग ही ज्यादा रोजगार बनाते थे। इसलिए यदि छोटे उद्योगों में 100 कर्मी बेरोजगार हुए तो हम मान सकते हैं कि ब?े उद्योगों में 50 रोजगार बने होंगे। कुल मिलाकर रोजगार में 50 की गिरावट आयी। लेकिन जिन 50 को रोजगार मिला, वे प्रोविडेंट फंड के सदस्य बने, चूंकि वे ब?े उद्योगों में कार्यरत थे। इसलिए प्रोविडेंट फंड की सदस्यता में 50 सदस्यों की वृद्धि हुई जबकि साथ-साथ कुल रोजगार में 50 श्रमिकों की गिरावट आई। इसीलिए केंद्र सरकार द्वारा किए गये सामयिक श्रम सर्वे में कहा गया कि 2012 एवं 2018 के बीच अपने देश में शहरी बेरोजगारी में तीन गुना वृद्धि हुई है। और गम्भीर विषय यह है कि यदि मान भी लें कि 2018 में 70 लाख नये रोजगार बने तो भी बेरोजगारी की समस्या का निदान नहीं होता क्योंकि अपने देश में हर वर्ष 120 लाख नये युवा श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। इनमें से यदि 70 लाख को रोजगार मिल भी गया तो भी 50 लाख युवा बेरोजगार ही रह जायेंगे।

समस्या के गंभीर होने के दूसरे संकेत उपलब्ध हैं। केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गये उपरोक्त सामयिक श्रम सर्वे के अनुसार 2012 से 2018 के बीच शहरी बेरोजगारी की दर में 3 गुना वृद्धि हुई है। इसी सर्वे के अनुसार 2018 में अपने देश में 15 से 24 वर्ष के लोगों में 28.5 प्रतिशत बेरोजगार थे जो कि विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अधिकतम था। इसी सर्वे के अनुसार 2012 से 2018 के बीच वेतन में भी गिरावट आई है। जैसे मान लीजिये आपका 2012 में वेतन 100 रुपये प्रति दिन था और 2018 में आपका वेतन 110 रुपये प्रतिदिन हो गया। वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई लेकिन मान लीजिये इसी अवधि में जो टॉ?ी 2012 में 1 रुपये में मिलती थी, वह 2018 में 1.50 रुपये में मिलने लगी। ऐसा हुआ तो आपके वास्तविक वेतन में कटौती हुई। 2012 में आप एक दिन के वेतन में 100 टॉफी खरीद सकते थे। 2018 में एक दिन के वेतन में आपको केवल 55 टॉफी मिलेंगी, चूंकि वेतन में वृद्धि कम और टॉ?ी के दाम में वृद्धि ज्यादा हुई है। इसलिए केंद्र सरकार द्वारा किए गये सर्वे में कहा गया कि 2012 से 2018 के बीच वास्तविक वेतन में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। अत: बेरोजगारी की समस्या को झुठलाने से काम नहीं चलेगा। इसके मूल कारणों का निवारण करना होगा।

बेरोजगारी की समस्या का प्रमुख कारण तकनीकी बदलाव है। जैसे पूर्व में बैंक में खाते क्लर्कों द्वारा रखे जाते थे। अब यह कार्य कम्प्यूटर से होने लगा है। बैंक की कई शाखाओं में केवल दो या तीन कर्मी काम करते हैं। कम्प्यूटर ने श्रमिकों की जरूरत को कम कर दिया है। लेकिन साथ-साथ बैंकों का प्रसार ब?ा है और शाखाओं की संख्या ब?ी है। इनमें नये रोजगार उत्पन्न हुए हैं। इतिहास पर गौर करें तो किसी समय यातायात का प्रमुख साधन घोड़ा-गा?ी हुआ करता था। इसके बाद कार का आविष्कार हुआ, जिसके कारण घो?ा-गा?ी चलाने वाले बेरोजगार हो गये। लेकिन कार के चलन का विस्तार हुआ। इनके उत्पादन और मरम्मत में नये रोजगार बने। इनके लिए स?क और फ्लाईओवर बनाने में भी रोजगार बने। इसलिए घो?ा-गा?ी में रोजगार में गिरावट के बावजूद यातायात क्षेत्र में कुल रोजगार ब?े। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खतरा हमारे सामने है। तमाम कार्य जैसे हड्डी में फ्रैक्चर को पहचानना अथवा खून की जांच करना अब कम्प्यूटर द्वारा किये जाने लगे हैं। ऐसा होने से रेडियोलॉजिस्ट और पैथोलाजिस्ट के रोजगार पर संकट आने को है। लेकिन जिस प्रकार घो?ा-गा?ी के समाप्त होने के बावजूद कार के चलन से कुल रोजगार में वृद्धि हुई; उसी प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तमाम नये उत्पाद बन सकते हैं। जैसे आपके मनपसन्द प्लॉट का सिनेमा बनाना अथवा वीडियो मिक्स करना इत्यादि। अत: हमें अपने युवाओं को रोजगारों की इन नई संभावनाओं को पक?ने को प्रशिक्षित करना होगा।

यहां प्रमुख समस्या हमारी शिक्षा व्यवस्था की है। वर्तमान में युवाओं का रुझान सरकारी नौकरियों की तरफ बना हुआ है, बावजूद इसके सरकारी नौकरियों की संख्या में कमी आई है। लेकिन सामान्य शिक्षा वाले प्राइमरी सरकारी स्कूल के टीचर को आज 50 से 70 हजार रुपये प्रतिमाह मिलता है जबकि एक ट्रेंड नर्स अथवा डाटा एंट्री आपरेटर को बमुश्किल 15 हजार रुपये प्रतिमाह मिलता है। इसलिए युवाओं को नर्स अथवा डाटा एंट्री आपरेटर की क्षमता हासिल करने में रुचि नहीं है। उनका पूरा ध्यान सरकारी नौकरी हासिल करने की तरफ रहता है। वास्तविक 'शिक्षा' ग्रहण करने में उनकी रुचि नहीं है। सरकार को चाहिए कि सरकारी कर्मियों और साधारण नागरिकों जैसे नर्स के वेतन के बीच संतुलन स्थापित करे, जिससे सरकारी नौकरी का मोह कम हो और हमारे युवा व्यावहारिक पढ़ाई पर ध्यान दें। इस दिशा में सरकार को प्राइमरी स्तर पर ही अंग्रेजी भाषा और कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य कर देना चाहिए, जिससे कि युवा आने वाले समय में कम्प्यूटर आधारित रोजगार, जैसे पुस्तकों का अनुवाद करना अथवा वीडियो मिक्स करना जैसे कार्यों को स्वयं कर सकें और अपनी जीविका अर्जित कर सकें।

हमें इस चिंता में नहीं रहना चाहिए कि अंग्रेजी को अपनाने से हमारी संस्कृति की हानि होगी। हमें ध्यान करना चाहिए कि किसी समय हमारी संस्कृति सिन्धु घाटी की भाषा में समझी जाती थी। इसके बाद वही प्राकृत भाषा में परिवर्तित हुई और फिर देवनागरी में। लेकिन संस्कृति की निरन्तरता कायम रही। इसलिए हमें प्रयास करना चाहिए कि अपनी संस्कृति का अंग्रेजीकरण करें जिससे कि हम अंग्रेजी भाषा में उत्पन्न होने वाले रोजगार भी हासिल करें और साथ-साथ अपनी संस्कृति का वैश्वीकरण भी कर सकें। यदि हम अपने वेद, पुराण तथा करपात्रीजी महाराज जैसे विद्वानों की टीकों को सुलभ अंग्रेजी में उपलब्ध करा दें तो हमारी संस्कृति का भी वैश्वीकरण होगा और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। हमें भविष्य की ओर देखना चाहिए। इतिहास की उपयोगिता भविष्य को संवारने के लिए होती है। इतिहास का उद्देश्य कठघरे में जीवित रहने का नहीं होता है।

**-भरत झुनझुनवाला**

## संपादकीय

# अफगानिस्तान में भारतीय हितों की रक्षा

यह भारतीय कूटनीतिक कामयाबी ही कही जायेगी कि जिस समय इस्लामाबाद में इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी के सदस्य देशों की अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हो रही थी उसी दिन भारत में आयोजित सम्मेलन में मध्य एशिया के पांच इस्लामिक देश भाग ले रहे थे। दरअसल, दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में आयोजित तीसरे भारत-मध्य एशिया डायलॉग में उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान व कजाखस्तान के विदेश मंत्रियों ने शिरकत की। वे इस्लामाबाद जाने के बजाय दिल्ली सम्मेलन में पहुंचे। इस सम्मेलन में जहां मध्य एशिया के इन देशों के बीच व्यापार संबंधी व क्षेत्रीय जुड़ाव पर बात हुई, वहीं अफगानिस्तान के मुद्दे पर गंभीर विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि इन पांच देशों में से तीन ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान की सीमा अफगानिस्तान से लगती है। अफगानिस्तान के हालात पर इनकी चिंता भारत से मेल खाती है। इस सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त बयान में भारत ने इन पांचों देशों के साथ एक सुर में कहा कि बदले हालात में अब अफगानिस्तान की धरती का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के लिये नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही मानवीय संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान की भरपूर मदद की जाये। निस्संदेह भारत समेत इन देशों की क्षेत्रीय सुरक्षा को अफगानिस्तान में तालिबान के आने से खतरा उत्पन्न हुआ है। इन पड़ोसी देशों के व्यापार पर भी प्रभाव पड़ा है। दरअसल, अफगानिस्तान से अमेरिका व नाटो संगठन की वापसी के बाद तालिबान कब्जा होने से भारत की गंभीर भूमिका नहीं रह गई थी। एक वजह यह कि तालिबान पाक के गहरे प्रभाव में है और पाक नहीं चाहता कि अफगानिस्तान में भारत की कोई भूमिका हो। लेकिन भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से इस दिशा में अपनी भूमिका के लिये जगह बनाने का प्रयास किया है। उल्लेखनीय है कि दस नवंबर को भी इन मध्य एशियाई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों का भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में दिल्ली सम्मेलन हुआ था। महत्वपूर्ण यह कि इसमें रूस और ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी मौजूद थे। भारत की सोच रही है कि वह मध्य एशिया के देशों से संबंध बेहतर करके अफगानिस्तान में अपने कूटनीतिक हितों का पोषण कर पायेगा। इसमें भारत के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह के जरिये मध्य एशिया के इन देशों से जुड़ाव का लक्ष्य भी शामिल है, जिसमें इन देशों में आपसी व्यापार के लिये मालवाहक गलियारा बनाने पर सहमत होना भी शामिल है। अच्छी बात है कि भारत की चिंताओं में शामिल इन देशों ने अफगानिस्तान में पनप रहे आतंकवाद पर कारगर कार्रवाई पर सहमति जतायी। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रावधानों के अनुरूप अफगान धरती को आतंकवाद की उर्वरा भूमि बनाने से रोकने के सभी आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया गया। वहीं भारत समेत इन देशों के विदेश मंत्रियों ने सहमति जतायी कि जहां अफगानिस्तान की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा होनी चाहिए, वहीं सभी अल्पसंख्यक समूहों की भागीदारी वाली समावेशी सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हो, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। प्रयास हो कि अफगानिस्तान में मानवीय अधिकारों का सम्मान किया जाये। तालिबान सरकार बनने के बाद अफगानिस्तान की धरती से नशे के कारोबार फलने-फूलने पर चिंता जताते हुए इस पर रोक के लिये सख्त प्रयास करने की जरूरत बतायी गई। सभी सहमत थे कि नये अफगानिस्तान में यूएन की प्रभावी भूमिका हो। वक्त आ गया है कि मानवीय संकट को दूर करने के लिये तुरंत मदद पहुंचाई जाये। साथ ही जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं व बच्चों के हितों को संरक्षण मिले।

# व्यवहार में संवेदनशीलता का मूल्यांकन

मिलने पर अथवा किसी से मिलने जाने पर किसी की कुशलता विषयक जानकारी लेना शिष्टाचार का प्रमुख अंग है। सामान्य बातचीत हो अथवा किसी की मिजाजपुर्सी के लिए जाना हो, प्रायः प्रश्नों का ही आदान-प्रदान होता है। इस दौरान हम जो प्रश्न पूछते हैं, उनसे न केवल ये पता चलता है कि हम शिष्टाचार का पालन करना जानते हैं अथवा नहीं अपितु उनसे हमारी मनोवृत्ति व नीयत का भी पता चल जाता है। किसी के द्वारा पूछे गए प्रश्नों से उनकी मानसिकता ही नहीं, उनमें व्याप्त मानस रोगों का भी पता चल जाता है। इसलिए अनिवार्य है कि प्रश्न पूछते समय हम न केवल सतर्क रहें अपितु सामान्य शिष्टाचार, व्यवहार कुशलता व अवसरानुकूलता का भी ध्यान रखें। दुख के वातावरण में आमोद-प्रमोद की बातें करना व किसी मांगलिक अवसर पर पूरी दुनिया के दुखों की कहानियां लेकर बैठ जाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जा सकता लेकिन कुछ लोगों को ऐसा करने में ही आनंद आता है। वास्तव में किसी का जी दुखाने वाले अथवा किसी को अपमानित करने वाले प्रश्न पूछने वाले लोग कतिपय मनोग्रंथियों के शिकार होते हैं। यदि हम दूसरों के प्रति संवेदनशील हैं व उनके दुख-दर्द से सचमुच दुखी हैं तो हम कभी ऐसे नकारात्मक प्रश्न नहीं पूछ सकते, जिनको सुनकर या जिनका उत्तर देने में सामने वाले को कष्ट हो। साथ ही कोई ऐसी टिप्पणी भी नहीं करते, जिससे सामने वाले की पीड़ा कम होने के बजाय और बढ़ जाए। कई बार कुछ लोग दूसरे लोगों की उपस्थिति में ऐसे प्रश्न पूछ लेते हैं, जिनका जवाब देना कठिन ही नहीं, असंभव होता है। किसी को नीचा दिखने के उद्देश्य से पूछे गए ऐसे प्रश्न तो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराए जा सकते। यदि हम ऐसा करते हैं तो हममें सामान्य व्यावहारिक गुणों के साथ-साथ मनुष्यता नाम का तत्व भी बिलकुल नहीं माना जा सकता।कुछ लोग जाएंगे तो दूसरों की मिजाजपुर्सी के लिए लेकिन जितनी देर ठहरेंगे, बात करेंगे सिर्फ अपने और अपने बच्चों के बारे में। न सामने वाले को बोलने का मौका ही देंगे और न उसके घर-परिवार व उससे संबंधित किसी बात को महत्व देंगे। क्या इस प्रकार के व्यवहार व वार्तालाप द्वारा परस्पर स्वस्थ संबंधों का विकास संभव होगा? शायद नहीं। हमें चाहिए कि हम जिससे बात करने पहुंचे हैं, उसको ही नहीं, उससे संबंधित हर व्यक्ति व बात को महत्व दें। उसके विषय में व उसके परिवार के विषय में पूछें। यदि हम किसी की किसी प्रकार की कोई भी मदद नहीं कर सकते तो कम से कम उसको उपेक्षित अनुभव करवाने अथवा उसका जी दुखाने के स्थान पर उसके कंधे पर हाथ रखकर आत्मीयता का प्रदर्शन तो कर ही सकते हैं। हमें चाहिए कि हम जो बात भी पूछें, इस तरह से पूछें कि बात पूछने में ही अपनापन झलके। कई लोग जब भी बात करेंगे तेरा-मेरा करके ही करेंगे। ज्यादा से ज्यादा शब्द आपका प्रयोग कर लेंगे। पिछले दिनों पुत्र कोविड से संक्रमित होकर गंभीर रूप से बीमार था। उसका हालचाल जानने के लिए प्रायः ही मित्रों व परिचितों के फोन आते थे। इससे बड़ी संतुष्टि मिलती थी कि लोग हमारे साथ खड़े हैं। अनेकानेक लोगों ने हर प्रकार से सहायता भी की। लेकिन साथ ही कई लोगों के व्यवहार व उनकी भाषा और पूछने के ढंग से दुख भी कम नहीं होता था। एक सज्जन प्रायः संदेश भेजकर पूछते थे कि आपका लड़का कैसा है? वी आर वरीड अबाउट योर सन। ये भाषा क्या प्रदर्शित करती है? क्या हममें नाममात्र का भी अपनापन नहीं है? यदि नहीं है तो मिजाजपुर्सी का नाटक करने की ही क्या जरूरत है?हर व्यक्ति का एक नाम होता है। जब हम किसी का नाम लेकर बात करते हैं तो उसमें आत्मीयता झलकती है। आपका बेटा कौन सी कक्षा में पढ़ता है, ये पूछने की बजाय विकास बेटा कौन सी कक्षा में आ गया है, ये पूछना हर दृष्टि से श्रेयस्कर होगा। कुछ लोगों को जन्मसिद्ध अधिकार ही होता है दूसरों की पीड़ा को बढ़ा देना। वे ऐसे अवसरों की तलाश में रहते हैं जब वे किसी के जले पर नमक छिड़क सकें। ऐसा करके ही उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। एक युवक जब एमबीबीएस करके घर लौटा तो उसके एक रिश्तेदार ने पूछा कि भई इंजेक्शन तो ठीक से लगाना आ गया ना। अब डॉक्टर इस बात का क्या जवाब देता लेकिन पूछने वाले के मनोभावों और ईर्ष्यालु प्रवृत्ति का वहां उपस्थित सभी लोगों को पता चल गया। यदि कोई ये समझता है कि ऐसा करने से लोग उसकी योग्यता का लोहा मानने लगेंगे या उससे डरने लगेंगे तो ये अत्यंत भ्रामक धारणा है। ऐसे लोगों से लोग बात करना भी पसंद नहीं करते।जहां तक डरने की बात है लोग ऐसे लोगों से डरने के बजाय उनसे बचने के प्रयास में लगे रहते हैं। यदि सामने वाला भी कोई उस जैसा ही टकरा गया तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि बातचीत करते समय अथवा प्रश्न पूछते समय हम स्वयं को शिष्टाचार व व्यावहारिकता की मर्यादा में रखें।

**-सीताराम गुप्ता**

# आप का राशिफल 22 दिसंबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-1-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-7

## फिल्म वर्ग पहेली - 5685



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. जॉन, बिपाशा की एक फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. १९७१ के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म-३
३. 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखों' गीत वाली फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबु' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5684**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सावधान!

# सुबह उठने के बाद तुरंत बाद न करें ये काम, धीरे-धीरे शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर

कहते हैं ना कि सुबह कि शुरूआत अगर अच्छी हो तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है। मगर, कई बार सुबह उठते ही कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जो सेहत को नुकसान पहुंचाती है। वहीं, नियमित इन आदतों को दोहराने से शरीर धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाता है। अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो सुबह उठने के तरीके से लेकर क्या खाना है और क्या नहीं इस बात का ध्यान रखें। अपने इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि सुबह क्या नहीं करना चाहिए। अगर आप में भी यह आदतें है तो उसे जल्द से जल्द बदल लें।

### दाहिने तरफ से उठें

सोते समय शरीर आराम मुद्रा में होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। ऐसे में नींद खुलने के बाद दाईं तरफ करवट लें और फिर बेड से उठे। इससे दिल पर दबाव पड़ेगा और मेटाबॉलिज्म रेट भी बढ़ेगा।

बिस्तर से उठते समय एकदम झटके से ना उठें। इससे गर्दन या शरीर के अन्य हिस्से में मोच आने की संभावना रहती है। इसकी बजाए आराम से स्ट्रेचिंग करते हुए बिस्तर से उठें।

### तांबे के बर्तन में रखा पानी पीएं

रात को तांबे के बर्तन में पानी रख दें। सुबह खाली पेट इस पानी का सेवन करें। इससे पेट की बीमारियां दूर रहेंगी।

### एकदम से ना करें स्नान

सुबह उठने के बाद तुरंत नहाने के लिए ना जाएं। उठने के बाद कम से कम 15-20 मिनट बाद स्नान करें।

### खाली पेट चाय-कॉफी पीना

कुछ लोग सुबह उठकर सबसे पहले बेड टी या कॉफी लेती हैं लेकिन यह सेहत के लिए सही नहीं है। खाली पेट चाय-काफी का सेवन पेट से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। इसकी बजाए गुनगुना पानी पीने की आदत डालें।

### न्यूज देखना भी गलत

कुछ लोगों की आदत होती है कि वो सुबह सबसे पहले न्यूज चैनल या अखबार पढ़ते हैं। मगर, इससे दिमाग पर स्ट्रेस पड़ता है और तनाव लेने से आपका पूरा दिन खराब बीतेगा।

### योग व मेडिटेशन करें

शौचादि के बाद 10 मिनट योग, मेडिटेशन या व्यायाम करें। आप चाहे तो सूर्यनमस्कार कर सकते हैं या मॉर्निंग वॉक के लिए जा सकते हैं।

### ठंडा पानी पीना

सुबह खाली पेट पानी पीने से कब्ज और डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। साथ ही इससे पाचन क्रिया पर भी असर पड़ता है इसलिए सुबह ठंडा पानी ना पीएं। नियमित कब्ज रहने से बवासीर का खतरा भी रहता है।

## सूडोकु नवताल- 6189

★★★✬☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagruti

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6188 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |




## विचार प्रवाह

मेरी वाणी कठोर हो सकती है लेकिन जिंदगी क सार इसी कठोर वाणी में है। तुम चाहते हो कि मैं तुम्हारे जख्मों पर मरहम पट्टी कर दूं और उन्हें छोड़ दूं। पर मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि यह जरूरी है। बीमारी का लक्षण मिटाने सेबीमारी नहीं मिटती। तुम्हें बुखार चढ़ा हो और ठंडे पानी में बैठ जाओ तो शरीर तो ठंडा हो जाएगा। साथ में तुम भी ठंडे हो जायेगा। साथ में तुम भी ठंडे हो जाओगे। लक्षणों का इलाज नहीं करना है, बल्कि बीमारी का इलाज करना रोग मोह है, इलाज मोक्ष है।

■ **मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7250



**बाएँ से दाएँ**

1.अधिकार-2
3.समुद्र,दरिया-3
6.आनंद,रस-2
8.दबाना,कुचलना-3
10.गुंडा,बदमाश-3
12.पासों से भविष्य जानना-3
14.नाप जोख करना-3
17.जलजला-3
19.असफल-3
21.मगन,रत-2
23.व्यक्ति,जीव-3
25.सम्राट,नरेश-2
26.कार्य करने वाला-3
28.उपनदी,कैनाल-3
30.मां का प्रेम-3
32.पढ़ना,अध्ययन-3
35.पक्षाघात,फालिज-3
37.सेनापति-3
39.दूल्हा,वरदान-2
40.पक्ष,एक ओर-3
41.भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**

1.सीमा,सरहद-2
2.कटि,मध्यांग-3
4.दुख,कष्ट-2
5.गमन,विदा होना-3
7.शराब का प्याला-2
9.एक नमकीन लवण-3
11.आलेप करना-3
13.बोलने का तरीका-3
15.अयोग्य,बेकार-3
16.तहजीब,तमीज-3
18.रत्न,बहुमूल्य नग-3
20.व्यंग,परिहास-3
22.मुलायम,नाजुक-3
24.कॉफी-3
27.पंकज,नीरज,जलज-3
29.निर्माण-3
31.बल,दम,जोर-3
33.नेत्र,आंख-3
34.नौका-2
36.घात,प्रहार-2
38.जरा,थोड़ा-2

**शब्द पहेली -7249 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# गांव-गांव जाकर समझा रहे इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान का तरीका

## मतदाताओं के लिए जागरूकता अभियान

**इंदौर।** इंदौर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य भी निरंतर जारी है। कहीं रैली निकालकर तो कहीं रंगोली और मेहंदी बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी सिलसिले में जिले के गांवों में मतदाताओं को वोट डालने की प्रक्रिया भी समझाई जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पंच और सरपंच के चुनाव मतपत्र से और जनपद तथा जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव ईवीएम मशीन से होंगे। लोगों को मतपत्र और ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया समझाई जा रही है। पिछले दिनों इंदौर जिले के अनेक गांवों में पहुंचकर मतदाताओं से सीधा संपर्क किया गया। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से जीवंत प्रदर्शन किया गया कि किस तरह और किस-किस पद के लिए ये मतदान करना है। ग्राम बनेड़िया,



पेमालपुर, जलोदिया पंथ सहित अन्य गांवों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तरह गांवों में महिलाओं द्वारा उत्साह के साथ रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि पंचायत चुनाव में मतदान कर सभी मतदाता अपना फर्ज निभाएं। वोट डालने जरूर जाएं। मतदाता स्वयं तो जागरूक बने ही, साथ ही दूसरे मतदाताओं को भी जागरूक करें। चुनाव के दौरान कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की भी अपील की गई। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले की 309 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच, जिला पंचायत और चार जनपद पंचायतों में सदस्यों का चुनाव हो रहा है। जनपद पंचायतों में इंदौर, सांवेर, महू और देपालपुर शामिल है।




## बीयू तीन जनवरी से लेगा ऑफलाइन परीक्षा 30 दिसंबर तक जमा होंगे नामांकन फार्म

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ( बीयू ) ने अपने दो दर्जन विभागों की यूजी - पीजी के प्रथम और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं कराने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विद्यार्थी 30 दिसंबर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। यह परीक्षा तीन जनवरी 2022 से शुरू होगी, जो 21 जनवरी तक चलेंगी। वहीं कालेजों में प्रवेशरत विद्यार्थियों के नामांकन भी 30 दिसंबर तक जमा होंगे। बीयू अपने सभी विभागों की परीक्षाएं आफलाइन कराएगा। बीयू ने अपने विभागों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यूटीडी के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 जनवरी से शुरू होंगी। जबकि तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन जनवरी से शुरू होंगी। यूटीडी परीक्षा में करीब तीन हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग ने बीयू के सीमा में आने वाले सातों जिलों के 420 निजी और सरकारी कालेजों में प्रवेशरत विद्यार्थियों का डाटा बीयू भेज दिया है। बीयू ने डाटा को अपने पोर्टल पर अपलोड कर दिया है।

# मध्यप्रदेश में नौगांव सबसे ठंडा

### ग्वालियर-पचमढ़ी में 2.2 डिग्री तापमान, अभी दो दिन और तीखे रहेंगे ठंड के तेवर



**भोपाल।** उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के असर से समूचा मध्य प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। लोग दिन गर्म कपड़े पहनने के बाद भी धूप सेंकते नजर आ रहे हैं, वहीं शाम ढलते ही रजाई में दुबकने लगते हैं। गली-मोहल्लों में लोग अलाव जलाकर ठंड से जूझ रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। फिलहाल कोई वेदर सिस्टम नहीं रहने के कारण मौसम शुष्क है। इस वजह से आसमान भी साफ है। हवाओं का रुख भी लगातार उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। जिसके चलते बर्फीली हवाएं सितम ढा रही हैं। 23 दिसंबर से हवाओं का रूख बदलने के आसार है। जिसके चलते मौसम के मिजाज में कुछ गर्माहट आने की उम्मीद है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीते चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में नौगावं सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। वहीं उमरिया में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री, ग्वालियर और पचमढ़ी में 2.2 डिग्री, खजुराहो में 2.4 डिग्री, रायसेन में 3 डिग्री और खरगोन में 4.4 डिग्री सेलसियस रहा। मंगलवार को राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया, जो सामा-?य से 5.2 डिग्री सेलसियस कम रहा। साथ ही यह पिछले दिन के यूनतम तापमान (3.4 डिग्री) के मुकाबले 2.4 डिग्री सेलसियस अधिक रहा। मौसम विज्ञानी पीके साहा के मुताबिक सोमवार को अच्छी धूप निकलने के साथ ही दिन में हवाओं की रफ्तार मंद पड़ने के कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पिछले दो दिनों में राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया है। हवाओं का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। इस वजह से मंगलवार-बुधवार को भी कड़ाके की ठंड बरकरार रहेगी। 22 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। उसके प्रभाव से हवाओं का रूख बदलने पर रात का तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगेगा। इससे कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है।

# भोपाल में अब टीआइ रैंक के थानों में एसआई नहीं रहेंगे थानाप्रभारी



© CanStockPhoto.com - csp43509781

**भोपाल।** राजधानी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद अब टीआइ रैंक के किसी थाने में सब इंस्पेक्टर (एसआई) थाना प्रभारी नहीं रहेंगे। नए पुलिस आयुक्त ने ऐसे थानों से एसआइ को हटाने के संकेत दे दिए है। जल्द ही थानों में तैनात प्रभारी एसआइ के स्थान पर इंस्पेक्टर की पदस्थापना की जाएगी। पुलिस आयुक्त का कहना है कि इंस्पेक्टर रैंक के थानों में उसी रैंक का थाना प्रभारी रहेगा। पुलिस आयुक्त प्रणाली के तहत राजधानी में 38 थाने इंसपेक्टर रैंक के हैं। इसमें छह थानों में निरीक्षक के स्थान पर उपनिरीक्षक थाने की कमान संभाल रहे है। इसमें मिसरोद थाने में आरबी शर्मा, चूनाभट्टी में नितिन शर्मा, अयोध्या नगर में पवन सेन, अवधपुरी में विजय त्रिपाठी, गांधी नगर में अरुण शर्मा, अरेरा हिल्स में आरके सिंह शामिल है। जबकि 2012 व 13 के कार्यवाहक निरीक्षक लाइन में तैनात हैं या फिर थानाप्रभारी के साथ सेवाएं दे रहे हैं। जबकि पुलिस मुख्यालय ने टीआइ की कमी के चलते व कार्य में दक्षता बढाने के लिए 2012 बैच के सीधी भर्ती के कुछ एसआइ को पदोन्नत कर कार्यवाहक टीआइ बनाया था। प्रदेश में करीब 800 एसआइ को कार्यवाहक निरीक्षक बनाकर पदस्थापना की गई थी। इसमें राजधानी में करीब 40 एसआइ को कार्यवाहक टीआइ बनाया जा चुका है। कार्यवाहक टीआइ बनाने के बाद भी राजधानी के कुछ थानों में एसआइ को जिम्मा दे रखा है। जिससे सीनियर के लाइन में होने व जूनियर के थाने संभालने से कार्य पर प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही विषमताएं भी उपज रही हैं।

### जिस रैंक का थाना, उसी रैंक का अफसर

नवागत पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर का मानना है कि आयुक्त प्रणाली में जिस रैंक का थाना है, उसी रैंक का अफसर तैनात किया जाना चाहिए। नई व्यवस्था में ऐसा ही किए जाने की कवायद तेज हो गई है।



# भोपाल में तय समय पर पूरा होता सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम तो आज साफ होता बड़ी झील का पानी

**भोपाल।** एनवायरमेंट प्लानिंग एंड कोऑर्डिनेशन आर्गनाइजेशन (एप्को) की रिपोर्ट की मानें तो लगातार सीवेज मिलने से बड़ी झील का पानी तय मानकों से 14 गुना ज्यादा प्रदूषित हो चुका है। यानी झील का पानी पीने लायक तो कतई नहीं है। बता दें कि ये रिपोर्ट 2016 की है और अब झील की स्थिति और भी बदतर हो चुकी है। लेकिन अगर झील को बचाने का जिम्मेदार महकमा नगर निगम अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाता, तो स्थिति बेहतर हो सकती थी। क्योंकि झील में सीवेज मिलने से रोकने को जिन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को 2016 में बन जाना चाहिए था, वह अब तक नहीं बन पाए हैं। जो बन भी गए हैं, वह शुरू नहीं हो पाए हैं।

### बड़ी झील में रोजाना 20 एमएलजी सीवेज

तालाबों में मिलने वाला सीवेज शहरवासियों के लिए हमेशा चिंता का विषय रहा है। तमाम प्रयासों के बावजूद इस पर पूरी रोकथाम नहीं लग सकी है। छोटा तालाब और शाहपुरा तो पूरी तरह सीवेज पॉन्ड ही बनकर रह गए हैं, जबकि बड़े तालाब में भी 20 एमएलडी (यानी 2 करोड़ लीटर रोजाना) सीवेज मिल रहा है। नगर निगम तीन अलग-अलग प्रोजेक्ट में शहर में सीवेज नेटवर्क बिछाने के साथ ही 11 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बना रहा है। इनमें से पांच ट्रीटमेंट प्लांट किसी तरह बनकर तैयार हो गए हैं, तो तीन लगभग बनकर तैयार होने वाले हैं। इनसे 12 करोड़ लीटर सीवेज वाटर का ट्रीटमेंट होगा।

# भोपाल में छात्रावासों की होगी जांच

### साफ-सफाई व ठंड से बचाव के देखे जाएंगे इंतजाम

**भोपाल।** राजधानी के सभी छात्रावासों की जांच जाएगी। इसके लिए एक डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों की जांच समिति बनाई जाएगी। यह कमेटी एक सप्ताह में छात्रावासों का औचक निरीक्षण करेगी और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेगी। इस दौरान बाथरूम, रजाई-गद्दे, साफ-सफाई इत्यादि सुविधाओं के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को सौंपी जाएगी।



कलेक्ट्रेट सभागृह में सोमवार को कलेक्टर अविनाश लवानिया ने समयसीमा (टीएल) की बैठक में इसके निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन छात्रावासों में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने टीएल के प्रकरणों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं नल-जल योजना के अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में बिजली कनेक्शन देने की कार्रवाई शीघ्र पूरी करने को कहा। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन पर होने वाला व्यय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) द्वारा वहन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभाग शीघ्र नल-जल योजना कनेक्शन का प्रतिवेदन तैयार कर पीएचई को प्रस्तुत करें।

### मतदान केंद्र बनेंगे सरकारी भवन

कलेक्टर ने पंचायत चुनाव के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा एवं कृषि विभाग के भवनों को मतदान केंद्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन विभागों से संबंधित अधिकारी अपने-अपने भवनों का निरीक्षण करें और साफ-सफाई, दरवाजे, खिड़की इत्यादि व्यवस्था देखें। साथ ही यहां विकलांग मतदाताओं के लिए रैंप अनिवार्य रूप से तैयार कराने के लिए भी कहा। कलेक्टर ने कहा कि पंचायत चुनाव में किसी कर्मचारी की ड्यूटी निरस्त नहीं की जाएगी। सिर्फ गंभीर बीमारी से ग्रसित एवं दिव्यांग कर्मचारी की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण जल्द निपटाएं

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के नवंबर तक के डेटा पर शीघ्र कार्य करें। विशेषकर 300 दिवस वाले प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान आनलाइन पोर्टल पर प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने के लिए सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के डी-ब्लाक के शौचालय का निर्माण करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया।

# मप्र में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के दौर में मीडिया पुन: करे जनता को जागरूक - मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा के मानसरोवर सभागार में बिछड़े कई बारी बारी पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक क्रूर कोरोना काल में असमय छीन लिये गये प्रदेश के लगभग सौ पत्रकारों के जीवन और उनके पत्रकारिता में योगदान पर आधारित है। मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा स्पीकर गिरीश गौतम ने की। आयोजन ग्रामीण पत्रकारिता विकास संस्थान ने किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ, संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह पुस्तक के लेखक देव श्रीमाली और रविंद्र जैन उपस्थिति थे। मुख्यमंत्री ने अपने भावपूर्ण संबोधन में कहा कि कोरोना काल में दिवंगत पत्रकारों पर केंद्रित यह पुस्तक, फिर न लिखनी पड़े, ऐसे प्रयास हों। तीसरे लहर की आशंका के मद्देनजर मीडिया जागरूकता प्रसार की भूमिका का पुन: निर्वाह करे। प्रत्येक व्यक्ति को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करना है। यह बचाव का प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर के समय हम गहरी वेदना के दौर से गुजर चुके हैं। अस्पताल में बेड, ऑक्सीजन और जीवन रक्षक औषधियों की व्यवस्था के लिए सभी ने दिन-रात कार्य किया। चौहान ने कहा कि मृत्यु अवश्यंभावी है। लेकिन कोई जाता है तो टीस छोड़कर जाता है। कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं, जो सदैव याद आते हैं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत पत्रकारों की सेवाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि मध्यप्रदेश कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन कार्य में अच्छी सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेशों में है। इसमें मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए मीडिया ने पुन- जागरूकता के प्रयास प्रारंभ किए हैं। नेता प्रतिपक्ष कमल नाथ ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# शकर के भाव पर चारों ओर से दबाव, खोपरा गोले में तेजी

**इंदौर। भारत के शकर निर्यात को पहले डब्ल्यूटीओ ने झटका दिया। दूसरी ओर अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में ओमिक्रोन की चिंता से शकर की कीमतें कम हो रही है। बीते दिनों सरकार ने भी शकर का न्यूनतम बिक्री मूल्य बढ़ाने की मिलों की मांग को मानने से इनकार कर दिया। शकर मिलों में इस महीने के कोटे का भारी स्टॉक मौजूद जबकि महीना खत्म होने में सिर्फ दस दिन शेष है। इस वजह से मिलें बिक्री टेंडर हर दो-तीन दिनों में जारी कर रही है जबकि बाजार में बिक्री बेहद कमजोर होने के कारण व्यापारी भी माल कम मंगवा रहे है। उप्र और महाराष्ट्र में मिलों ने दाम घटा दिए हैं। इसके चलते शकर में मंदी आने लगी है। सोमवार को शकर नीचे में 3550 ऊपर में 3580 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। शकर की आवक सात गाड़ी की रही।शकर का भविष्य मंदी सूचक माना जा रहा है। इधर, खोपरा गोले की भारी शॉर्टेज होने और डिमांड अच्छी रहने से नीलामी केंद्रों पर टेंडर लगातार ऊंचे बोले जा रहे है। इसके चलते खोपरा गोले में एकतरफा तेजी की स्थिति बनी हुई है। सोमवार को खोपरा गोला 5 रुपये बढ़कर नीचे में 215 ऊपर में 240 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया। दरअसल, तमिलनाडू में मौसम लगातार नहीं खुलने के कारण खोपरा गोला सूख नहीं पा रहा है जिससे इसकी किल्लत महसूस की जा रही है। खोपरा बूरे में कामकाज सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा। खोपरा बूरा नीचे में 2500 ऊपर में 4100 रुपये प्रति 15 किलो बिका। नारियल में लोकल के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की पूछताछ कमजोर चलने से कीमतों में स्थिरता बनी हुई है। नारियल की आवक तीन गाड़ी की रही। कालीमिर्च में नरमी है जबकि तरबूज मगज में मजबूती है।**

### साबुदाना

4400-4500 मीडियम 4550-4600 बेस्ट 4650-4800 ग्लास 5300-5500 रुपये क्विंटल। सच्चामोती एगमार्क (एक किलो)5660,सच्चामोती एगमार्क (500 ग्राम)5730, सच्चामोती (लूज) 5180 रुपये। सच्चासाबु एगमार्क (एक किलो) 5660, सच्चासाबु (500ग्राम) 5730 , लूज खीरदाना 5320 रुपये क्विंटल।वरलक्ष्मी (लूज) 5000, एक किलो 5700, रॉयलरतन (एक किलो) 5650, रायलरतन (आधा किलो) 5710, लूज 5200, सच्चामोती (एक किलो ) 5550, (आधा किलो) 5610, लूज में 5100, सच्चामोती पोहा (एक किलो में) 4250 रुपये।

### खोपरा बूरा

अल्पाहार हाइ-फैट (प्रति 15 किलो थैली ) (एक किलो) 2790 ,(आधा किलो) 2809 रुपये। सच्चामोती खोपरा बूरा (एक किलो पैक) कट्टा-3150 रुपये। कुकरी जाकी मोरधन (आधा किलो) 11700 रुपये, सच्चामोती मोरधन 8900 रुपये।



### शकर-गुड़

शकर 3550-3580 शकर एम. 3650-3700 गुड़ भेली 3000-3100, कटोरा 3200 , लड्डु 3400 से 3500, बर्फी 4000-4100 और ग्लास 4300 से 4500,

### नारियल

120 भरती 1550-1600 160 भरती 1550-1600 200 भरती 1600-1650 250 भरती 1700-1750 रुपये प्रति बोरी।

### फलाहारी

सिंघाड़ा छोटा 180-200, सिंघाड़ा बड़ा 300 से 320, छोटा 180 से 200, खोपरा गोला बाक्स में 215 से 240, खोपरा बूरा 2500 से 4100 रुपये।

# मौजूदा दौर में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की जरूरत

**भोपाल ।** आज हमें शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। हमारा यही प्रयास है कि हम अपने विद्यार्थियों को न केवल परंपरागत शिक्षा से जोड़ें, बल्कि उन्हें नवाचारों के माध्यम से बहुमुखी प्रतिभा संपन्न भी बनाएं। यदि सकारात्मक होकर आगे बढ़ेंगे, तो हमारे प्रयास निश्चित रूप से अच्छे परिणामदायी होंगे।यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने प्रशासन अकादमी में सोमवार को राष्टीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन एवं विभागीय विषयों पर महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर कही।उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्ना नवाचारों के माध्यम से कई परिवर्तन किए जा रहे हैं। नई शिक्षा नीति में ऐसे विषयों को जोड़ा गया है, जिससे युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और जवाबदारी वाली है। पूरे देश में मध्यप्रदेश का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में परंपरागत सीमाओं को तोड़ने का प्रयास किया गया है। हमारी कोशिश है कि हम मूल रूप से शिक्षा को रोजगार से जोड़कर युवाओं को आत्म-निर्भर बनाएं। राष्टीय शिक्षा नीति ने विद्यार्थियों को नए परिवेश से परिचित कराने का मौका दिया है। मंत्री ने प्राचार्यों से कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आपके अनुभव और परिश्रम का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इनोवेटिव शिक्षा को लागू करने की आवश्यकता थी और नई शिक्षा नीति इसी पर आधारित है।

## अनुपपुर रविवार व सोमवार रहा कोल्ड डे

# जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक में पारा पहुंचा 2



## खेत खलिहान पर जमी बर्फ की परत

**अनूपपुर।** अनूपपुर में सर्दी के सितम से रविवार की रात पारा इतना लुढका कि खेत खलिहान पौधों पर ओस की बूंदें जमकर बर्फ बन गई, रविवार को जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक का न्यूनतम तापमान 2 डिग्री दर्ज हुआ है। रात में हाढ़ कंपाने वाली सर्दी का असर यह हुआ कि सोमवार सुबह जब लोग जागे तो ओस की बूंदें फसलों पर बर्फ की तरह जमी दिखाई दीं...

अनुपपुर जिले में रविवार रात व सोमवार को कोल्ड डे रहा। जिसका नतीजा अनूपपुर मुख्यालय में न्यूनतम पारा 5 डिग्री रहा, इस दिन अब तक जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक में सबसे कम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान भी है। यही कारण है कि सोमवार की सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो उन्हें फसलों पर ओंस की बूंदें जमी नजर आई। अभी तक जिले में फसलों को नुकसान की कोई सूचना नहीं है, लेकिन यदि आगामी दिनों में पारा और गिरता है तो फसलों को नुकसान की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस साल का सबसे ठंडा दिन रहा ,इस कडकती ठंड में लोग घरों में दुबके रहे ,

# जबलपुर में 120 निजी अस्पताल नर्सिंग होम संचालित

### विधायक विनय सक्सेना के सवाल पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी का जबाव

**जबलपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने विधायक विनय सक्सेना के द्वारा पूछे गए प्रश्न पर बताया कि जबलपुर जिले में 120 निजी अस्पताल नर्सिंग होम संचालित है। विनय सक्सेना अतारांकित प्रश्न में पूछा था कि जबलपुर जिले में कितने निजी अस्पताल नर्सिंग होम संचालित हैं? बिस्तर संख्या सहित नाम पता बतावें। (ख) विगत तीन वर्ष में जबलपुर जिले में नवीन पंजीकृत अस्पतालों नर्सिंग होम के द्वारा मान्यता हेतु दिए गये आवेदन तथा आवश्यक रूप से संलग्न किये जाने अन्य समस्त दस्तावेज की जानकारी देवें। क्या लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय, म.प्र. शासन द्वारा दिनांक 06/08/2021 के परिपत्र में दिए गये निर्देशों के अनुक्रम में जबलपुर जिले के अस्पतालों नर्सिंग होम का निरीक्षण किया जाकर रिपोर्ट निधारित प्रपत्र में तैयार किये जाकर शासन को भेजी गयी हैं? यदि हाँ, तो उक्त समस्त निरीक्षण रिपोर्ट की प्रतियाँ मय संलग्नक उपलब्ध करावें। जबलपुर जिले के किन-किन अस्पतालों / नर्सिंग होम के विरुद्ध कब कब शिकायत प्राप्त हुई है? किन-किन अस्पतालों द्वारा आवश्यक मापदंडों की पूर्ति किये बिना संचालन किया जा रहा है ? किन-किन अस्पतालों/नर्सिंग होम को कब-कब इस संबंध में नोटिस दिए गये हैं। इस पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी (क) जबलपुर जिले में 120 निजी अस्पताल नर्सिंग होम संचालित है। निजी अस्पताल/नर्सिंग होम के बिस्तर संख्या सहित नाम व पतेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र च्अज अनुसार है। विगत तीन वर्षों में जबलपुर जिले में 18 नवीन अस्पताल नर्सिंग होम के द्वारा मान्यता हेतु आवेदन दिए गए। आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र व अनुसार है। (ग) जी नहीं। म.प्र. शासन के आदेश दिनांक 06.08.2021 के तारतम्य में जबलपुर जिले के अस्पतालों नर्सिंग होम का निरीक्षण किए गए है परन्तु उक्त पत्र में शासन द्वारा रिपोर्ट नहीं मांगे जाने के कारण निरीक्षण प्रतिवेदन शासन को नहीं भेजे गए। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता। (घ) जबलपुर जिले के अस्पतालों नर्सिंग होम के शिकायत संबंधी नामवार जानकारी, शिकायत प्राप्ति दिनांक तथा कारण बताओ नोटिस दिनांक सहित वांछित जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र च्सज अनुसार है।



## स्वर्णकार कल्याण जागृति रथ यात्रा का कुंडम में भव्य स्वागत

**कुंडम।** आज कुंडम नगर में स्वर्णकार कल्याण जागृति रथ यात्रा का कुंडम में अभूतपूर्व स्वागत हुआ साथ में चल रहे प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा मुख्य संयोजक प्रदेश महामंत्री ओपी सोनी प्रदेश महिला प्रभारी डॉ सरोज सोनी जबलपुर प्रभारी राजेश सोनी आदि का भव्य स्वागत कुंडम के केशव शर्मा श्री अशोक सोनी पंकज सोनी संतोष सोनी एवं सतीश सोनी ने पुष्पमाला तिलक कर शाल श्रीफल से अतिथियों का स्वागत किया रथ यात्रा में आगे ढोल बैंड चल रहे थे उसके बाद रथ चल रहा था एवं साथ में स्वर्णकार समाज के बंधु चल रहे थे रथ यात्रा का स्वागत हुआ। रथयात्रा के मुख होते स्वर्णकार समाज को एकत्रित करना जागृत करना है साथ ही साथ शासन से बरसों पुरानी स्वर्ण कला बोर्ड की मांग हाल मार्क में चूर धारा 411 412 में पुलिस द्वारा परेशान किए जाने आदि से मुक्ति पाना है उल्लेखनीय है कि यह रथ यात्रा मां शारदा देवी की पवित्र नगरी मैहर 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर भोपाल में 15 जनवरी को समापन होगा यह रथ यात्रा मध्य प्रदेश के संपूर्ण 52 जिले और 230 विधानसभा क्षेत्र से होकर निकलेगी।



## संत गाडगे बाबा जी की पुण्य तिथि पर किया गया वृक्षारोपण

जबलपुर। मालगोदाम गार्डन जबलपुर में मानवता के पुजारी कर्मयोगी संत गाडगे बाबा जी की पुण्य तिथि पर संत गाडगे बाबा के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया गया तथा उपस्थित समाजसेवियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।समाजसेवी अरविंद पैगवार की अध्यक्षता में विवेक अवस्थी जी के मुख्य आतिथ्य, रामरतन यादव, श्रमिक नेता नेमसिंह मरकाम के विशिष्ट उपस्थिति में संत गाडगे विचार मंच के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया । समाजसेवी सरमन रजक के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में संत गाडगे विचार मंच के अध्यक्ष रमेश मास्टर, एड. मनोज रजक, राजेश रजक, एड. अनुराग सिंह, डी.एल. कोरचे, अजय झारिया इमाम खान, जितेन्द्र यादव, संजय सेन, संजू भोजक, अनूप भाई, सुधीर शर्मा, अतुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे । इस अवसर पर पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे की उपस्थिति सराहनीय रही

### बीतते साल 2021 में एनकेजे विद्युत लोको शेड को मिली उपलब्धि

## शंटिंग के लिए बनाया बैटरी एवं ओएचई चलित लोकोमोटिव



### इलेक्ट्रिफिकेशन के बाद वरदान साबित होगा, दिल्ली में मिली सराहना

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इसी दिशा में उल्लेखनीय कार्य करते हुए विद्युत लोको शेड न्यू कटनी जंक्शन द्वारा शंटिंग का कार्य करने हेतु बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव का निर्माण किया गया है। पश्चिम मध्य रेल के डब्ल्यूएजी-5 नवदूत बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव के डिजाइन को रेलवे बोर्ड द्वारा अवार्ड दिया गया है। इस बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोको को जबलपुर, कटनी, कटनी मुड़वारा और अन्य बड़े स्टेशनों पर उपयोग में किया जा रहा है। यह पूर्णतः डीजल रहित लोको है। यह ड्यूल मोड शंटिंग लोको पश्चिम मध्य रेल के शत प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसके साथ ही अभी हाल में ही नई दिल्ली में आयोजित आईआरईई 2021 प्रदर्शनी में इस बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड लोकोमोटिव नवदूत के डिजाइन को अन्य जोनल रेलवे द्वारा खूब सराहना मिली। विशेषकर दक्षिण रेलवे द्वारा इसकी अलग से तारीफ की गई और डिजाइन की मांग भी की गई।

### बैटरी चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव की खासियत

डब्लूएजी-5 लोकोमोटिव पूर्णतः इलेक्ट्रिक एवं बैटरी ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव है। 25 केवी एसी ओएचई के तहत दो मोड यानी ओएचई मोड में संचालित होता है और 25 केवी ओएचई उपलब्ध नहीं होने पर ट्रैक्शन बैटरी, बैटरी मोड चार्ज करेगा। 25 केवी ओएचई के तहत, 4 ट्रैक्शन मोटर के साथ लोको काम करता है। ट्रैक्शन मोटर्स कर्षण बैटरी से 110 डीसी वोल्टेज के साथ काम करेगी। इस लोकोमोटिव की ओएचई मोड में अधिकतम गति 35 किमी/घंटा और बैटरी मोड में 15 किमी/घंटा है। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए कर्षण बैटरी को ओवरलोडिंग एवं ओवरचार्जिंग की सुविधा प्रदान की गई है। दोनों कैब में ड्राइवर के डेस्क पर तापमान रीडिंग के लिए बैटरी बैंक के तापमान की निगरानी के लिए उपयोग की जाने वाला उपयुक्त तापमान सेंसर रहता है। चालक ओएचई के माध्यम से लोको को बैटरी मोड में पैंटोग्राफ स्विच, एमपी और डीजे निष्क्रिय नहीं कर सकता है। वोल्टेज और ट्रैक्शन बैटरी बैंक का करंट ट्रैक्शन और चार्जिंग के दौरान किसी भी कैब में प्रदर्शित होता है। ड्यूल मोड शंटिंग गुड्स यार्ड, साइडिंग और शंटिंग अपरेशन में लास्ट माइल अपरेशन में बेहतर परिचालन सुगमता प्रदान करता है, जो गैर-विघुतीकृत, वायु और ध्वनि प्रदूषण से मुक्त है।

## मनरेगा का भुगतान नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

गोटेगांव--नगर के समीपी ग्राम बगासपुर में विगत दिनों महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी इंद्र कुमार कुलस्ते जी ने आरोप लगाया है कि नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगासपुर में मनरेगा में काम करने वाले हितग्राहियों की 6 माह से आज तक के मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया यदि मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आने वाली राशि जल्द से जल्द हितग्राहियों तक नहीं दी जाती है तो महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी उग्र आंदोलन करने पर विवश होगी गांव गरीब किसान की सम्मान में महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी हमेशा न्याय दिलाने के लिये कटिबद्ध है। नरसिंहपुर से महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर राजेंद्र शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष कार्यवाहक नरसिंहपुर पंडित राजेंद्र दुबे एवं ब्लाक अध्यक्ष गोटेगांव संजय साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता सक्रिय छोटेलाल कहार, राजेश मेहरा अजय यादव संतोष यादव एवं महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी जिला नरसिंहपुर के समस्त कार्यकर्ता बंधु शामिल रहे।

## सिरकोना चौथी बार निर्विरोध चुनी गई

**गोटेगांव**--गोटेगांव मध्य प्रदेश की सबसे छोटी पंचायत माने जाने वाली जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली एक बार फिर ग्राम पंचायत सिरकोना चौथी बार निर्विरोध चुनी गई जिसमें गांव में बैठक आयोजित की गई जिसमें महंत प्रीतमपुरी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मार्गदर्शन में यह बैठक आयोजित की गई जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल हुए जिसमें महंत प्रीतमपुरी जी द्वारा निर्विरोध पंचायत का प्रस्ताव रखा गया जिसमें सभी ग्राम वासियों ने सभी ने एकमत निर्णय लेकर चौथी बार निर्विरोध पंचायत चुनी जिसमें सभी लोगों का तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया और महंत प्रीतमपुरी जी ने कहा कि हम सभी मिलकर गांव का विकास करेंगे और जो काम पिछले पंचायत में रह गया है उसे इस पंचायत में पूरा करेंगे और हम लोगों का ध्यान रखना चाहिए अपना विकास ना करके गांव का विकास और क्षेत्र का विकास करना चाहिए क्योंकि इसी मिट्टी ने आपको जन्म और गांव ने पहचान दी है और इसी में मिलना है इसलिए गांव और क्षेत्र का विकास करना हम सभी के लिए धर्म और कर्तव्य दोनों बनता है सभी ग्राम वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं निर्विरोध पंचायत चुने जाने पर इस अवसर पर %महंत धनराज पुरी ,महंत दयाल गिरी जी ,महंत मानक गिरी जी ,बसंत पालीवाल, सुंदरलाल शर्मा, टीकाराम ठाकुर, उपस्थित रहे (सरपंच पद के लिए) गुलाब झारिया निर्विरोध सिरकोना पंचायत के चुना गया।

### दहेज की बर्बर कहानी

## बाइक के लिए बहू को भूखा रखती थी सास, बच्चे को भी कर दिया था दूर, नहीं पिलाने देती थी दूध , फंसी लगाकर दी जान

जबलपुर, यशभारत। कुंडम में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर, आत्महत्या कर ली थी। पड़ताल में पुलिस को पता चला कि सास आए दिन मृतिका को दहेज का ताना मारते हुए मायके से बाइक लाने की डिमांड करती थी। इतना ही नहीं वह बहू को ससुराल में भूखा रखती थी और अपने बच्चे को भी दूध नहीं पिलाने देती थी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार सास को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति अपूर्वा किलेदार ने बताया कि थाना कुण्डम में 6 दिसंबर 2021 को ग्राम सुकरी में एक महिला द्वारा फांसी लगा लेने की सूचना पर पहुँची पुलिस को पंचम सिंह तेकाम 26 वर्ष निवासी ग्राम सुकरी ने बताया था कि वह गुटखा लेने गांव की दुकान पर गया था उसकी पत्नी अनीता तेकाम 25 वर्ष घर पर थी, वह गुटखा लेकर घर आया तो देखा कि उसकी पत्नी ने घर के कमरे के छप्पर बल्ली में साड़ी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी अनुसार पुलिस ने जब मृतिका अनीता तेकाम के मायके पक्ष के कथन लिये गये तो उन्होंने अपने कथनों में बताया कि लगभग 3 वर्ष पूर्व अनीता उईके का विवाह पंचम तेकाम निवासी ग्राम सुकरी से सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था । विवाह के बाद अनीता की सास पान बाई की प्रताड़ना से परेशान होकर अपनी मां से अनीता ने यह बात बताई थी कि सास पान बाई शारीरिक एंव मानसिक रूप से मारपीट कर प्रताड़ित करती है और दहेज में मोटर सायकल न मिलने एवं पति पंचम तेकाम के इलाज में 50 हजार रूपये न देकर 16 हजार रूपये दिये थे।

### बच्चे तक को छीन लिया, नहीं पिलाने देती थी दूध

जानकारी अनुसार परिजनों ने बताया कि सास इसी बात का लेकर आये दिन लड़ाई झगड़ा करती थी । तथा ढेड़ वर्ष के बच्चे को समय पर दूध नहीं पिलाने देती थी, पति पंचम तेकाम द्वारा समझाने पर पंचम के साथ भी गाली गलौज करती थी तथा ससुराल जाने से मना करती थी। अनीता के पास मोबाइल न होने के कारण रिश्तेदार सेवकली मरावी के फोन से घटना की बात अपने माता-पिता को बताती थी।

### पत्नी को रख रहे थे भूखा

जानकारी अनुसार मायके के परिजनों को फोन कर नवविवाहिता ने बताया था कि सास के द्वारा दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित करते एंव 2-3 दिन से भूखे रहने और आकर मायके ले जाने की खबर भिजवाई थी। और उसके कुछ घण्टों बाद अनीता तेकाम के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना फोन से प्राप्त हुयी थी। मृतिका के परिजनों ने बताया कि सास पानबाई के द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार की जा रही प्रताड़ना से परेशान होकर अनीता तेकाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।



## बरगी में दहेज की भेंट चढ़ गयी उर्मिला

### बाइक खरीदने मांग रहे थे रकम, नहीं मिलने पर मिट्टी का तेल डालकर किया आग के हवाले

**आरोपी पति-सास गिरफ्तार, ननद फरार**

**जबलपुर,यशभारत।** बरगी के सालीबाड़ा में दहेज लोभियों ने नवविवाहिता के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर, आग लगा दी। जिसके बाद एक निजी अस्पताल में अग्निदग्धा की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने बारीकी से पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी पति और सास व ननद दहेज में बाइक खरीदने के लिए पैसे की डिमांड कर रहे थे। लेकिन मृतिका के पिता का ऑपरेशन हुआ था, जिसके कारण उसने दहेज की रकम देने से मना कर दिया। जिससे आक्रोशित होकर पति ने चाय बना रही पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी पति और सास को दबोच लिया है। मृतिका की ननद मामले में फरार बताई जा रही है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

सीएसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि थाना लार्डगंज में 21 नवम्बर 2021 को गेलेक्शी अस्पताल से सूचना मिली थी कि उर्मिला बाई पटैल 27 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाड़ा बरगी को आग से जलने के कारण भर्ती किया था, जिसकी मौत हो गयी। मामले की पड़ताल के दौरान जब मायके पक्ष एवं साक्षियों के कथन लिये जिसमें परिजनों ने बताया कि उर्मिला पटैल को आग से जलने के बाद इलाज के लिये जबलपुर ले जाते समय उर्मिला पटेल ने बताया कि पति सतेन्द्र पटैल को गाड़ी खरीदने के लिये पैसे देने से मना करने पर पति सतेन्द्र ने आग लगा दी हैं।

जानकारी अनुसार पुलिस को दिए बयान में अपने कथन में बताया था कि दहेज की मांग कर चरित्र पर संदेह कर, सास ममता बाई पटैल, ननद ज्योति पटैल के कहने पर पति सतेन्द्र पटैल ताना देकर मारपीट कराते थे।

### पिता का हुआ था ऑपरेशन

जानकारी अनुसार मृतिका की मां एव अन्य साक्षी के कथन लिये गये जिन्होंने कथनों मे बताया कि गाड़ी खरीदने के लिये पति सतेन्द्र पटैल द्वारा पैसों की मांग की गयी थी, जो उर्मिला द्वारा यह कहने पर कि पिता उमांशकर का आपरेशन हुआ है अभी पैसे नहीं दे सकते हैं, पैसें देने से मना करने पर मारपीट कर सभी ने झगड़ा किया तथा डिब्बी से मिट्टी तेल डालकर पति सतेन्द्र द्वारा उर्मिला पटैल को आग लगा दी गयी। जिसके बाद अग्निदग्धा को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

### ननद फरार, पति-सास अभिरक्षा में

पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच कर आरोपी पति सत्येंन्द पटैल , सास ममता बाई पटैल एवं ननद ज्योति पटैल के खिलाफ मामला दर्ज कर, आरोपी सतेन्द्र पटैल 30 वर्ष एवं ममता बाई पटैल 46 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सगड़ा को अभिरक्षा में लेते हुये ननद की तलाश जारी है।

## वेदना की एक नदिया का विमोचन कल

**जबलपुर ।** कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ कवयित्री कथाकार श्रीमती निर्मला तिवारी के काव्य संग्रह वेदना की एक नदिया का विमोचन 22 दिसम्बर को शाम 6 बजे से रानी दुर्गावती कला वीथिका में आयोजित है । समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठअस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ.जितेन्द्र जामदार होंगे । अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे । विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजकुमार सुमित्र, महामहोपाध्याय आचार्य हरिशंकर दुबे,प्रो.डॉ.ऊषा दुबे एवं सोहन सलिल होंगे । समारोह में अर्चना गोस्वामी,नेहा खरे,श्वेता मिश्रा,प्रियदर्शी अवस्थी भक्ति वंदना एवं वंशिका अवस्थी भक्ति नृत्य प्रस्तुत करेंगी।संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने साहित्य अनुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है ।

## पमरे में नई तकनीक एवं उच्च क्षमता वाले ट्रैक मशीनों से किये गये कार्यों की प्रगति



जबलपुर यश भारत। वर्तमान में न केवल यात्री परिवहन में दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही हैं बल्कि माल ढुलाई के क्षेत्र में भी रेलवे नये-नये मापदंडों को स्थापित कर लगातार इस क्षेत्र में इजाफा कर रहा है। वर्तमान परिस्थिति की प्रबल मांग को देखते हुए रेलवे ने यात्री परिवहन और माल ढुलाई दोनों में बेहतर से बेहतर गति देने के लिए सभी तरह के प्रयास और रखरखाव के साधनों को अपनाया है। रेल पटरी के गति एवं लोडिंग क्षमता में नए आयाम कायम करने के लिए भारतीय रेल ने अपने ट्रैक को सुदृढ़ बनाया है तथा उसके अनुरक्षण के लिए भी ट्रैकमैन के मेहनत के साथ, उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके एक आधुनिक ट्रैक मेंटेनेंस को उपलब्ध करा रहा है। पश्चिम मध्य रेल में ट्रैक मेंटेनेंस के लिए नई उच्च तकनीक मशीनों से किये गये कार्यो की प्रगति वित्तिय वर्ष 2021-22 में अप्रैल से नवंबर तक की समीक्षा इस प्रकार है। पश्चिम मध्य रेल में पाँच प्रकार की टैम्पिंग मशीन से उपयोग कर ट्रैक का रखरखाव उच्च तकनीक से किया जा रहा है।

सीएसएम, डब्ल्यूएसटी एवं एमपीटी मशीनें

चार प्रकार की टैपिंग मशीनों के द्वारा मेन ट्रैक का अनुरक्षण कार्य किया जाता है। इन चारों टैम्पिंग मशीनों से 3ङ्ग मशीन द्वारा 2232 किमी, ष्ट्स्रू मशीन द्वारा 1480 किमी एवं ङ्घस्ञ्ज मशीन द्वारा 3117 किमी एवं स्ङ्क्ष मशीन द्वारा 460 किमी का मेंटेनेंस किया गया है।

## Asian Champions Trophy

# सेमीफाइनल में भारत की जापान से होगी भिड़ंत

### आज खेला जाएगा मुकाबला



**नई दिल्ली।** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम धीमी शुरुआत करने के बाद गजब की स्पीड पकड़ने में सफल रही। टीम इंडिया ढाका में खेली जा रही इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच आज मंगलवार (21 दिसंबर) को खेला जाएगा। मनप्रीत सिंह की अगुवाई में टीम इंडिया ने अब तक इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। अपने अंतिम राउंड रॉबिन मैच में भारत ने जापान को 6-0 से शिकस्त दी थी।

#### टूर्नामेंट में भारत का रहा दमदार प्रदर्शन

एशियन चैंपियनशिप हॉकी में टीम इंडिया ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। अंकतालिक पर नजर डाली जाए तो टीम इंडिया 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद कोरिया 6 अंकों के साथ दूसरे, पांच अंकों के साथ जापान तीसरे, इतने ही अंकों के साथ पाकिस्तान चौथे स्थान पर काबिज है। वहीं, मेजबान बांग्लादेश का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में काफी शर्मनाक रहा और वह एक भी मैच नहीं जीत सका।

#### अभी तक अजेय रही भारतीय टीम

एशियन चैंपियनशिप में भारत के प्रदर्शन की बात की जाए तो टीम इंडिया अभी तक अजेय रही है। साउथ कोरिया के खिलाफ पहला मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहने के बाद टीम इंडिया ने अगले मुकाबले में बांग्लादेश को 9-0 से रौंदा। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से पटखनी दी। वहीं अपने आखिरी मैच में टीम इंडिया ने जापान को 6-0 से हराया।

#### भारत के खिताब जीतने के ज्यादा चांस

भारतीय हॉकी टीम ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। भारत टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने में सफल रहा। इसके अलावा जिस तरह से टीम अब तक एशियन चैंपियनशिप में प्रदर्शन किया है उसे देख कर कहा जा सकता है कि भारत अपने खिताब की रक्षा करने में सफल रहेगा। टीम इंडिया को सेमीफाइनल में पहुंचाने में सभी खिलाड़ियों को मिला जुला प्रदर्शन रहा है। भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी का गत विजेता है।



# खट्टे मीठे अनुभव बताएगी फिल्म 83

### जानें किस संघर्ष के साथ भारत ने जीता था पहला वर्ल्ड कप

**नईदिल्ली। बीते कुछ सालों में खेल आधारित फिल्में काफी पसंद की जा रही है, लेकिन भारत एक ऐसा देश है, जहां क्रिकेट को धर्म जैसा माना जाता है। क्रिकेट के प्रति भी दीवानगी दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलेगी, जैसी भारत में देखी जाती है। ऐसे में यदि 1983 के विश्व विजेता बनने का सफर फिल्मी पर्दे पर उतारा जाए तो सुर्खियों में आएगा ही।**

फिल्म 83 के निर्देशक कबीर खान हैं और उन्होंने इस फिल्म में सिर्फ विश्व जीतने के सुखद अनुभवों को नहीं दिखाया है, बल्कि ऐसी घटनाओं को भी उजागर किया है, जिससे आम जनमानस अभी तक अनजान था।

इसमें कोई दो राय नहीं कि फिल्म जीवित किंवदंती बन चुके कपिल देव की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में कपिल देव की भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। अपने शानदार अभिनय से उन्होंने सभी को प्रभावित किया है। फिल्म 83 के जरिए कबीर खान ने हमें वो मौका दिया कि हम उस लम्हे को सिल्वर स्क्रीन के जरिए जी सकें। फिल्म 83 जल्द ही रिलीज होने वाली है।

#### काफी शोध के बाद तैयार हुई फिल्म की पटकथा

फिल्म 83 की पटकथा काफी शोध के बाद तैयार की गई है। फिल्म में कई जगहों पर मूल दृश्यों को भी दिखाया गया था। विश्व कप टीम के मैनेजर के रोल में पंकज त्रिपाठी की तरह रवि शास्त्री के पीछे से झाँकते हुए एक ही फोटो से सारा सीन गढ़ा गया।

#### कपिल देव की पत्नी रोमी की भूमिका में दीपिका पादुकोण

फिल्म में कपिल देव की पत्नी रोमी के रूप में दीपिका, फारूक इंजीनियर की भूमिका में बोमन ईरानी, मैनेजर की भूमिका में पंकज त्रिपाठी, गावस्कर की भूमिका में ताहिर भसीन, महेंद्र अमरनाथ की भूमिका में साकिब सलीम, यशपाल की भूमिका में जतिन सरना, मदन लाल की भूमिका में हार्डी संधू दिखाई देंगे।

#### रणवीर सिंह की लाजवाब एक्टिंग

कपिल रोमी की जोड़ी में दीपिका पादुकोण के सीन काफी कम है, लेकिन दीपिका और रणवीर की जोड़ी को देखने के लिए भी काफी दर्शक उत्साहित होंगे। रणवीर ने जहां फिल्म काफी उम्दा काम किया है, वहीं दीपिका ने भी छोटे से रोल से सभी को प्रभावित किया है।

#### फिल्म के प्रमुख कलाकार

रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, पंकज त्रिपाठी, निशांत दहिया, आर बद्री, साकिब सलीम, चिराग पाटिल, ताहिर राज भसीन, हार्डी संधू, जतिन सरना, दिनकर शर्मा, एमी विर्क, साहिल खट्टर, आदिनाथ कोठारे, धैर्य करवा, जीवा, फिल्म निर्देशक कबीर खान

# टेनिस : शुरुआती सत्र में नहीं खेलेंगे डोमिनिक थीम

### कहा- ऑस्ट्रेलियन ओपन अभी भी लक्ष्य



**नई दिल्ली।** दुनिया के 15वें नंबर के टेनिस खिलाड़ी ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम ने लंबे समय से चली आ रही कलाई की चोट के कारण रविवार को आगामी एटीपी कप और सिडनी एटीपी 250 स्पर्धाओं से हटने का फैसला किया। वह दिसंबर के अंत तक तय करेंगे कि ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलना है या नहीं। इस तरह वह इस साल टेनिस के शुरुआती सत्र में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी भी ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलना उनका लक्ष्य है।

#### जून में लगी थी चोट

28 वर्षीय ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी डोमिनिक थीम के जून में खेले गए मलोर्का ओपन के दौरान कलाई में चोट लग गई थी। जिसके बाद वह इस साल अपना यूएस ओपन खिताब भी नहीं बचा सके। साल 2020 में उन्होंने अमेरिका ओपन का खिताब अपने नाम किया था। चोट के चलते वह हाल ही में अबू धाबी में खेली गई मुबाडाला वर्ल्ड टेनिस चैंपियनशिप में भी भाग नहीं ले सके।

#### ऑस्ट्रेलिया जाने के बजाए ऑस्ट्रिया लौटे थीम

डोमिनिक थीम ने ट्वीट कर लिखा, अपनी टीम से बात करने के बाद हमने सीधे ऑस्ट्रेलिया जाने के बजाय ऑस्ट्रिया लौटने का फैसला किया है। दुर्भाग्य से, मैंने दुबई में रहते हुए मुझे सर्दी लग गई, मैं पिछले सप्ताह अभ्यास करने में असमर्थ था। उन्होंने आगे कहा, इसलिए मैं एटीपी कप और सिडनी एटीपी 250 खेलने में सक्षम होने के लिए आवश्यक शारीरिक स्थिति में नहीं रहूंगा, पिछले छह महीनों से प्रतिस्पर्धा नहीं करने के बाद मैं जल्द ही वापस आने और एक चोट लेने का जोखिम नहीं उठा सकता।

#### दिसंबर के अंत में लूंगा निर्णय

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी ने कहा कि उनका लक्ष्य साल के पहले ग्रैंड स्लैम में मेलबर्न में खेलना था, मेरी कलाई सौ फीसदी ठीक है, कुल मिलाकर, मैंने दुबई में जो समय बिताया वह बहुत अच्छा था क्योंकि मैंने अभ्यास की तीव्रता और स्तर को बढ़ाया है, हम दिसंबर के अंत तक अपनी भागीदारी के बारे में अंतिम निर्णय लेंगे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 ,17 जनवरी से खेला जाएगा।

# लहंगा पहन सारा अली खान ने खेला क्रिकेट Photos देख क्लीन बोल्ड हुए फैंस





**नईदिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अतरंगी रे का प्रमोशन कर रही हैं। एक्ट्रेस इस फिल्म के प्रमोशन में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। अपनी इस फिल्म अतरंगी रे के रिलीज से पहले ही फिल्म के सेट से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं।

#### दुल्हन बनी सारा अली खान

सारा अली खान सारा अली खान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वो दुल्हन के लुक में नजर आ रही है। लहंगा पहने मांग में सिंदूर लगाए सारा अली खान की इन तस्वीरों में बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। अगर सारा की इन तस्वीरों को ध्यान से देखा जाए तो बिल्कुल दुल्हन की तरह सारा ने मांग टीका, झुटका, मंगलसूत्र और नोज रिंग भी पहना है। इसके साथ ही सारा ने माथे पर छोटी सी बिंदी भी लगाई है।

#### लहंगा पहन सारा ने खेला क्रिकेट

सारा अली खान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमे से एक तस्वीर में एक्ट्रेस दुल्हन के लुक में लहंगा पहने क्रिकेट खेलते हुए दिख रही है। सारा की इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। सारा की इन तस्वीरों को देखकर फैंस पहली ही बॉल में क्लीन बोल्ड हो गए।

#### चेहरे पर दिखी शरारत भरी मुस्कान

बल्लेबाजी करते हुए सारा अली खान के चेहरे पर दिखाई दे रही शरारत भरी मुस्कान किसी का भी दिल जीत लेगी। बता दें कि सारा अली खान की इन तस्वीरों को देखकर आप समझ सकते हैं कि अतरंगी रे के सेट पर शूटिंग के साथ ही सारा अली खान ने काफी एन्जॉय भी किया है। जिसका एहसास उनके फैंस इन तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### फिल्म में अक्षय और सारा की जोड़ी लगाएगी तड़का

सारा अली खान की यह फिल्म इसी साल 24 दिसंबर को Disney + Hotstar पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म सारा अली खान के साथ ही बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार और साउथ के सुपरस्टार धनुष नजर आने वाले हैं। सारा अली खान इस फिल्म में एक बिहार की रहने वाली लड़की का किरदार निभाने वाली हैं।

#### सलमान खान संग किया डांस

सारा अली खान की फिल्म अतरंगी रे के गाने चका चक को काफी पसंद किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो पर डांस करते हुए काफी वीडियो पोस्ट किए गए हैं। हाल ही में जब सारा अली खान बिग बॉस 15 में अपनी इस फिल्म को प्रमोट करने गई थीं तो उस वक्त सारा ने सलमान खान के साथ इस गाने पर डांस किया था। जिसे दर्शकों ने काफी पसंद भी किया। सारा, अक्षय और धनुष की यह फिल्म दर्शकों को कितना पसंद आती है यह तो 24 तारीख को ही पता चल पाएगा।



# एक्ट्रेस हम्सा नंदिनी को हुई ये गंभीर बीमारी, हुआ बुरा हाल





### लिखी बेदह भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस हम्सा नंदिनी इस समय जीवन के बड़े ही बुरे दौर से गुजर रही हैं। उन्होंने अपना दर्द फैंस के साथ इंस्टाग्राम वॉल पर शेयर किया है। हम्सा नंदिनी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ चुकी हैं जिसके लिए उनकी कीमोथेरेपी हो रही है उनका बाल पूरा झड़ चुका है जिसके कारण उनको पहचान पाना मुश्किल है।

#### हम्सा नंदिनी ने खुद किया अपनी बीमारी का खुलासा

हालांकि सोमवार को हम्सा नंदिनी ने अपनी बीमारी का खुलासा खुद इंस्टाग्राम पर करते हुए एक बड़ी सी पोस्ट लिखी है। जिसमें उन्होंने अपना दर्द बयां किया है जिसे पढ़कर हर कोई भावुक हो रहा है और उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहा है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके ब्रेस्ट कैंसर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है वो पहले ही उनकी नौ बार कीमोथैरेपी हो चुकी है और अभी सात बार की कीमोथैरेपी बाकी है। एक लंबी पोस्ट में, हम्सा ने बताया कि ये सब चार महीने पहले शुरू हुआ था जब उसे अपने स्तन में एक छोटी सी गांठ महसूस हुई थी। उसी क्षण मुझे पता था कि मेरा जीवन कभी भी पहले जैसा नहीं होने वाला था। 18 साल पहले मैंने अपनी मां को एक भयानक बीमारी के कारण खो दिया था और तब से मैं उसकी अंधेरी छाया में जी रही थी। मेरा जब टेस्ट शुरू हुआ तो मैं डर गई थी। लेकिन मैं हार नहीं मानूंगी इस पर जीत हासिल करके रहूंगी।

#### हम्सा ने बयां किया अपना दर्द

हम्सा ने बताया कि टेस्ट और स्कैन के बाद मुझे कहा गया कि कुछ घंटों के भीतर, मैं एक मैमोग्राफी क्लिनिक में गांठ की जांच करवा लूं। मुझे तुरंत एक सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट से मिलने के लिए कहा गया, जिन्होंने सुझाव दिया कि मुझे बायोप्सी की जरूरत है। बायोप्सी ने मेरे सभी डर की पुष्टि की और मुझे ग्रेड इनवेसिव कार्सिनोमा (स्तन कैंसर) का पता चला। ढेर सारे स्कैन और परीक्षणों के बाद, मैं बड़ी बहादुरी से ऑपरेशन थियेटर में गई, जहां मेरा ट्यूमर निकाला गया था। हालांकि डॉक्टरों ने बताया कि कैंसर और जगह फैला नहीं है मैं भाग्यशाली थी कि जल्दी इसका पता चल गया।

#### हम्सा ने बताया क्यों बढ़ सकती हैं उनकी बीमारी

एक्ट्रेस ने कहा बीआरसीए 1 (वंशानुगत स्तन कैंसर) की पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। इसका मतलब है कि मेरे अंदर आनुवंशिक रूप से ये बीमारी आई है जो लगभग गारंटी देता है कि मेरे पूरे जीवन में एक और स्तन कैंसर का 70% मौका और डिम्बग्रंथि के कैंसर का 45% मौका होगा। जोखिम को कम करने का एकमात्र तरीका कुछ बहुत व्यापक रोगनिरोधी सर्जरी हैं जो मुझे कैंसर पर जीत का दावा करने से पहले अति आवश्यक है। हम्सा ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनका हाल चाल जाना।



# ओबीसी आरक्षण | बीजेपी झूठ बोलती है, सत्य के साथ कांग्रेस है और जीत होगी

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने भाजपा को घेरा

**जबलपुर, यशभारत।** राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेका तन्खा ने ओबीसी आरक्षण के मामले में एक बार फिर भाजपा को आड़े हाथ लिया है। राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि बीजेपी झूठ बोलती है, कांग्रेस और मुझे ओबीसी विरोधी बताया जा रहा है कि जबकि सच्चाई ये है कि कांग्रेस वहीं पार्टी है जो ओबीसी वर्ग के लिए 30 साल कानून लेकर आई थी। कांग्रेस ने सत्य का साथ दिया है इसलिए जीत भी होगी। यह बात राज्यसभा सदस्य कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने एक पत्रकारवार्ता में कही।

### छोटे लोगों की छोटी बातों पर ध्यान नहीं देता

राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा से जब मप्र विधानसभा शीतकालीन सत्र में भाजपा मंत्री भूपेंद्र सिंह के बयानबाजी के एक सवाल के जबाव पर कहा कि छोटे लोगों की छोटी बातों पर ध्यान नहीं देता हूं। विवेक तन्खा ने कहा कि कांग्रेसे सत्य की लड़ाई लड़ रही है और इस लड़ाई को रोकने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस और मैं कभी ओबीसी विरोधी नहीं रहे इसलिए भाजपा ये झूठ बोलना बंद करें।

# मैं व्यक्तिवादी राजनीति नहीं करता, संगठन की नीति ही मेरी नीति है: जीएस ठाकुर

**जबलपुर यश भारत। भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर से यह भारत द्वारा आगामी चुनावों और पार्टी की नीतियों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई जिसके कुछ अंश प्रकाशित किए जा रहे हैं। जिसे विस्तार से देखने के लिए यश भारत के यूट्यूब चैनल व फेसबुक पेज पर जाय।**

**प्रश्न - आगामी चुनावों को लेकर पार्टी की क्या तैयारी है**

**उत्तर** - भाजपा सतत कार्यक्रम के रूप में जनता के बीच जाती है इस कारण चुनावों के समय हमें विशेष तैयारियों की जरूरत नहीं पड़ती पार्टी के कार्यकर्ता अपने कार्यक्रमों को लेकर लगातार काम करते रहते हैं जिसका फायदा हमें मिलता है।



यश भारत के अजय पाण्डे की भाजपा शहर अध्यक्ष जी.एस.ठाकुर से खास चर्चा

**प्रश्न -भाजपा पद भरने की मशीन बन गई है ?**

**उत्तर**- भाजपा में संवैधनिक पदों का सृजन है। हम समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देते हैं हमारे यहां असीमित पद नहीं है । सीमित मोर्चे है सीमित मंडल है और सीमित प्रकोष्ठ है। कोई भी मोर्चा किसी भी दूसरे के कार्यक्रम में शामिल हो तो सकता है परंतु हस्तक्षेप नहीं कर सकता। हमारे यहां हर किसी को प्रतिनिधित्व देने की व्यवस्था है।

**प्रश्न-कांग्रेस से आए लोगों को भाजपा में पद दिए जा रहे हैं?**

**उत्तर** - नए लोगों को संगठन में जिम्मेदारी मिली है इसमें दो राय नहीं है । लेकिन किसी भी कार्यकर्ता का हक नहीं मारा गया है यदि किसी को कोई वादा किया गया था तो वादा खिलाफी नहीं होना चाहिए । यदि हमने दूसरी पार्टी के लोगों को जोड़ने के लिए कोई वादा किया था तो उसे निभाया है। लेकिन जबलपुर में ऐसा कोई बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं आया है।

**प्रश्न- क्या बाहर से आए लोग भाजपा की कार्य पद्धति को समझेंगे?**

**उत्तर** - हमारे यहां हर स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन होता है प्रशिक्षण वर्ग एक पाठशाला है जो कार्यकर्ता को काम करने का तरीका और पार्टी की रीति नीति से अवगत कराता है । जो समाहित हो जाएंगे वह शुद्ध भाजपाई बनेंगे और जो समाहित नहीं हो पाएंगे वह खुद ही अलग हो जाएंगे ।

**प्रश्न- अनुशासनहीनता पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही ?**

उत्तर भारतीय जनता पार्टी एक बड़ा दल है और एक बड़ा दल होने के नाते बहुत सारे लोग महत्वाकांक्षा लेकर पार्टी से जुड़ जाते हैं। हमारा प्रयास होता है कि कोई भी अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति पार्टी से न जु? पाए फिर भी कुछ न कुछ चूक हो जाती हैं। जिसे हम सुधार रहे हैं जहां तक रही कार्यवाही की बात तो मैं कार्यवाही का माध्यम नहीं हूं मैं पूरी जानकारी प्रदेश संगठन को भेजता हूं निर्णय वहां से ही लिए जाते हैं।

**प्रश्न- पूर्व विधायकों से आपकी अंन बन रहती है?**

**उत्तर**- मैं व्यक्तिवादी राजनीति पर विश्वास नहीं करता। मैं संगठन में विश्वास रखता हूं जो मेरा प्रदेश संगठन और राष्ट्रीय संगठन कहता है मैं उसी नीति पर चलता हूं। कुछ वरिष्ठ नेताओं के काम संगठन की नीति के कारण करने में सक्षम नहीं हो पाता हूं जिस कारण थोड़ी खट पट रहती है। लेकिन बाद में मुद्दे सुलझा लिए जाते हैं। वह मुझसे बड़े हैं गलती होती है तो मैं माफी भी मांग लेता हू।

**प्रश्न- आप के मन में सत्ता सुख की लालसा नहीं है ?**

**उत्तर**- मुझे प्रारंभ से ही संगठन में काम करना था जब मैंने काम शुरू किया तो पार्षद विधायक तो बहुत बड़ी बात थी। मैं सोचता था कि किसी तरह संगठन में आ जाऊं। मै संगठन के लिए ज्यादा अच्छा हूं जनप्रतिनिधि की राजनीति मेरे बस की नहीं है ।

**प्रश्न- पिछले चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन कमजोर था इस बार क्या उम्मीद है ?**

**उत्तर**- सिर्फ निर्णय की बात है कार्यकर्ता तब भी काम करने तैयार था और आज भी काम करने तैयार है यदि निर्णय कार्यकर्ता की पसंद के नहीं होंगे या कार्यकर्ता के विपरीत काम करने वालों को मौका मिलेगा तो फिर परिणाम मेरे हाथ में नहीं होंगे।

**प्रश्न- क्या कार्यकर्ता परिवर्तन चाहता है?**

**उत्तर**- कार्यकर्ता यंग लोगों को चाहता है कार्यकर्ता पार्टी निष्ठ लोगों को चाहता है । कार्यकर्ता ऐसे लोगों को पसंद करता है जो उनका भला करें लेकिन जब ऐसा नहीं होता तो फिर परिणाम विपरीत हो जाते हैं। सत्ता में होने के कारण कुछ लोगों में महत्वाकांक्षा बढ़ गई है जो सत्ता के दुष्परिणाम है लेकिन हम इसे सुधारने का प्रयास कर रहे हैं।






# 5 साल की मासूम की मौत कुंए में डूबने से हुई

## शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में खुलासा

**जबलपुर, यशभारत। घर से खेलते-खेलते गायब हुई 5 साल की अमोली का शव नगर निगम जोन कार्यालय के पीछे आज मंगलवार को अलसुबह शक्ति नगर रोड पर ढलान के पास बने कुएं में बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने बताया कि प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट पर बच्ची की मौत पानी में डूबने से हुई है। लेकिन पुलिस हरेक एंगल से जांच-पड़ताल कर रही है।**

गौरतलब है कि इंद्रा नगर निवासी शीला प्रजापति ने थाने में शिकायत करते हुए बताया था कि नगर निगम जोन कार्यालय क्रमांक 3 रामपुर गोरखपुर निवासी कुमारी अमोली प्रजापति उम्र 5 वर्ष 9 माह की 19 दिसंबर 2021 को दोपहर 2 बजे खेलते-खेलते घर से बिना बताए चली गई। जिसके बाद शहर के करीब छः थानो की पुलिस सरगर्मी से बच्ची को तलाश करने में जुटी थी। बच्ची का कुंए में शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप है।



### रामपुर चौकी में शव रखकर प्रदर्शन, एसपी मौके पर पहुंचे

मासूम की मौत के बाद क्षेत्रीय जनों ने रामपुर चौराहे पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और शव रखकर मांग की गई कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर, कार्रवाई की जाए। क्षेत्रीय जनों का आरोप है बच्ची को किडनैप कर, प्रताड़ित किया गया है और पाप छुपाने के लिए बच्ची को कुंए में फेंक दिया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने आक्रोशित भीड़ को न्याय का आश्वासन दिया है।

# मदनमहल में युवती को बेकाबू बाइक ने कुचला हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोट, आरोपी फरार

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल की लिंक रोड से घर जा रही युवती को बेकाबू बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे युवती बुरी तरह घायल हो गई। आनन-फानन में युवती को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर अस्पताल में भर्ती कलाबाई पति सियाराम नाथ 38 साल निवासी बरेला ने बताया कि 18 दिसंबर 2021 को जब वह अपने घर जा रही थी।

# केंट में 15 लाख के जेवरात,1 लाख के वाहन ले उड़े चोर

## सूने बंगले में धावा बोलकर दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, यशभारत। केंट के सदर स्थित एक सूने बंगले में चोरों ने धावा बोलते हुए करीब 15 लाख रुपए के पैत्रिक जेवरात और करीब एक लाख कीमत के तीन टू व्हीलर वाहन पार कर, रफूचक्कर हो गए। जिस समय सह घटना हुई पीड़ित भोपाल स्थित अपने घर में था। जैसे ही उसे चोरी की वारदात का पता चला, तत्काल थाना पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए, सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है।**

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 33 बर्षिय हितेश कुमार वकलवार ने बताया कि काम के सिलसिले में उसे अक्सर ही भोपाल में रहना पड़ता है। वह जबलपुर से आता-जाता है। सोमवार को कई महिनों बाद हितेश जब घर लौटा तो उसके होश उड़ गए।



### लॉकर खुले पड़े थे

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता हितेश ने जानकारी दी कि वह जैसे ही बंगले के अंदर दाखिल हुआ तो देखा कि उसके लॉकर खुले पड़े और तीन से चार लाख रुपए कीमती के जेवरात गायब थे। पीड़ित ने बताया कि आज के हिसाब से देखा जाए तो जेवरातों की कीमत अब करीब 15 लाख रुपए होगी।

### पड़ोसी करता है तांकझांक

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद जब उसने आसपास पतासाजी की तो पता चला कि पड़ोस में ही रहने वाला आसिफ अली अक्सर उसके सूने बंगले में तांकझांक किया करता था। जिसपर उसे शक है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पिता को लेने जा रहे बेटे को भारी वाहन ने रौंदा

**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम से जुनवानी अपने पिता को लेने जा रहे बेटे को बम्हनौदा चौराहे में भरी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बेटे की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मामला सोमवार रात का है। राहगीरों ने जब लहू से लथपथ रोड पर पड़ा हुआ शव देखा तो दंग रह गए। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पनागर थाना प्रभारी आरके सोनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बम्हनौदा चौराहे पर किसी अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी है। जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी है। जिसके बाद थाने से तत्काल ही टीम रवाना की गई।



**घटना स्थल पर ही तोड़ा दम**

### सिर में थी गंभीर चोट

पुलिस ने बताया कि मौके पर जाकर देखा तो युवक का शव रोड के पास ही खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पास में ही क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी थी। राहगीरों का हुजूम लगा हुआ था। पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि शव शिव कुमार परस्ते उम्र 25 साल, पिता महेश परस्ते निवासी हंसापुर बटई थाना कुंडम का निवासी है। जिसकी मौत की प्रमुख वजह सिर में गंभीर चोट लगना बताया जा रहा है। फिलहाल पीएम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### पिता करते है खेत में मजदूरी

जानकारी अनुसार शिव कुमार परस्ते के पिता महेश परस्ते जुनवानी बदौरा में खेत में कटाई का काम करते है। जिन्हें बाइक से लेने के लिए बेटा हंसापुर बटई, थाना कुंडम से निकला था।

### तीन बच्चियाँ हैं

बेटे का शव देख परिजनों के आंसू नहीं थम रहे है। परिजनों ने बताया कि शिव कुमार की तीन बच्चियाँ है। जिनके सिर से अब पिता का साया उठ चुका है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक को सरगर्मी से तलाश रही है।

# शहपुरा में अधेड़ महिला फांसी पर झूली

**जबलपुर, यशभारत।** थाना शहपुरा के ग्राम नटवारा में आज मंगलवार को सुबह एक अधेड़ महिला ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की प्रांरभिक जांच में पता चला है कि किसी मामले में महिला तनाव में थी। जिसके बाद ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार संजय मेहरा 20 वर्ष निवासी ग्राम नटवारा ने सूचना दी कि उसके घर के बाजू में बड़े पापा राकेश मेहरा अपने परिवार सहित रहते है। आज सुवह लगभग 6 बजे बड़े पापा की रोने की आवाज आने पर जाकर देखा तो बड़ी मम्मी श्रीमती ज्योति मेहरा 50 वर्ष घर के बाहर बिही के पेड़ के पास मृत पड़ी थीं । बड़े पापा ने बताया कि घर के बाहर निकला तो देखा कि ज्योति घर के बाहर बिही के पेड़ से मृत अवस्था में फांसी पर लटकी थी, जिसे फांसी से उतार लिया है। रात में ज्योति ने घर के पास बिही के पेड़ से फांसी लगा ली है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. श्री मनमोहन शर्मा जी
हमारे प्रिय मित्र एवं सहयोगी श्री मनमोहन शर्मा जी के निधन पर हमारी ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन्। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देवें।
श्रद्धासुमन अर्पित
विधायक श्री विनय सक्सेना, सतीश उपाध्याय, बाबू विश्वमोहन, पंडित कुंवर कांत झा, सतीश तिवारी, योगेंद्र दुबे, मुन्ना गौतम, जुगल श्रीवास, शिव कुमार चौबे, राजेंद्र सराफ रज्जू,मल्लू राम भरोसे होटल, रूपा पहलवान , डा मनीष सराफ, सुबोध रिछारिया ,सुशील जौहरी कुंजी, दिलीप साहू , संजय श्रीवास्तव , कृष्ण लाल केसरवानी ,गुड्डू ,पंकज तिवारी, विमल शर्मा
त्रयोदशी दिनांक 21/12/2021, दिन मंगलवार
कार्यक्रम स्थल- कच्छी भवन, सिविक सेंटर, मढ़ाताल जबलपुर

# अधारताल में बेल्ट से युवक को पीट-पीटकर किया अधमरा

## रंजिशन दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल चौराहे में सोमवार की दरमियानी रात दो बदमाशों ने मिलकर एक युवक को बेल्ट से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद राहगीरों और युवक के साथी ने प्राथमिक उपचार कराकर, जख्मी हालत में युवक को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि अधारताल में गणेश कुमार 23 साल, पिता भाव सिंह उरेती जिला डिन्डौरी का निवासी है और वर्तमान में जवाहर नगर में रह रहा है। **माथा कर दिया लहूलुहान-** पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने जानकारी दी कि दरमियानी रात जब वह काम से राजेन्द्र कुमार के साथ जा रहा था। तभी कमलाभंडार के पास अनिल रजक मिला और गालियाँ देने लगा, जब उसने विरोध किया तो बेल्ट उतारकर उससे जमकर मारपीट कर दी। यही नहीं उसनसे राज पटैल को भी फोन कर बुला लिया और दोनों ने उससे जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
करमचंद चौक, जबलपुर
मो.: 9425159114, 8982481114

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मा. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा
बोल्ड चना | केला चिप्स
बोल्ड पीनट | मसाला चना
ड्राय मेल | चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201



लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )